हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

तापमान

अधिकतम 39.6 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री



बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्रियों को ठण्डा पहुंचाने मिस्टिक मशीन से पहुंचाई जा रही राहत

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया

## खबर संक्षेप

### सप्ताहभर से तापमान 39 डिग्री पर स्थिर



**बिलासपुर।** एक सप्ताह से तापमान 39 डिग्री पर ही स्थिर है। द्रोणिका और चक्रवाती परिसंचरण के कारण प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला हुआ है। धूप तो निकल रही, लेकिन समय-समय पर बादलों के कारण तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। गुरूवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री रहा वहीं न्यूनतम तामपन 28.8 डिग्री पर स्थिर रहा। सुबह धूप निकली लेकिन दोपहर बाद बदली के साथ ही साम को नम हवाए चलने लगी। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो-तीन दिन मौस इसी तरह रहने के आसार है।

### नई लाइन सप्लाई के लिए 7 घंटे बिजली बंद



**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा लगातार निर्माण और मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है, गुरूवार को भी अलग-अलग क्षेत्रों में मेंटनेंस कार्य जारी रहा। इस दौरान बिरकोना, घुटकू, बिजौर, अशोक नगर जैसे क्षेत्रों में 7 घंटे बिजली बंद रही और शहर के कई इलाकों में दोपहर भर मेंटनेंस चलता रहा, जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुरूवार को बिरकोना 132 केवी सबस्टेशन से निकलने वाली लाइन घुटकू फील स्टील प्लांट तक बढ़ाई गई, इस दौरान नई लाइन बनाने के लिए बिजली विभाग को 7 घंटे का शेड्यूल लेना पड़ा और क्षेत्र की बिजली ठप रही, सुबह से बिजली बंद की गई और शाम 4 बजे तक सप्लाई जारी की गई, इस दौरान धूप और उमस के कारण उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया, इस दौरान बिरकोना, अरपा ग्रीन कालोनी, पोंसरा, अशोक नगर पत्रकार कालोनी, जैसे इलाकों में बिजली ठप रही। वहीं शहर में सदर बाजार फीडर के अंतर्गत मेंटनेंस कार्य किया गया, जिसके चलते सुबह 10 से 2 बजे तक बिजली बंद रखी गई, इस दौरान तेलीपारा, मेडिकल काम्प्लेस, सरजू बगीचा मसानगंज, सिविल लाइन जैसे क्षेत्र में बिजली बंद रही, हालत यह है कि तपतपाती धूप और उमस भरी गर्मी के बाजवूद इन दिनों बिजली विभाग मेंटनेंस में जुटा हुआ है।

**पीजीबीटी फ्यूजकॉल का नंबर बंद:** पीजीबीटी फ्यूजकॉल का नंबर इन दिनों बंद है, विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए व्यापार विहार सबस्टेशन के नंबर को फ्यूज कॉल की तरह उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ता पीजीबीटी फ्यूजकॉल के लिए 07752 427040 की जगह अब 07752427032 फोन नंबर का उपयोग कर सकेंगे।

### आज यहां रहेगी बिजली बंद



लिंक रोड जोन के तहत गांधी चौक, कतियापारा, मन्नू चौक, नारियल कोठी जैसे इलाकों में शुक्रवार को मेंटनेंस किया जाएगा। इस दौरान सुबह 8 से 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी। बताया जा रहा है कि इस दौरान बिजली विभाग जम्पर बदलने से लेकर ट्रांसफार्मर के रखरखाव का काम करेगी। वहीं उपभोक्ताओं की सुविधाओं को देखते हुए उनके रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर पर बंद का मैसेज भेज दिया गया है।

दो माह से अस्पतालों में नहीं मिल रही टीबी की दवा

# टीबी: शासन ने दिया 3 लाख, इससे एक हफ्ते की दवा भी नहीं आएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टीबी की दवा की कमी जिले सहित राज्य में बनी हुई है, यह समस्या दिसंबर माह से जारी है, लेकिन शासन ने स्वास्थ्य विभाग को महज 3 लाख रूपए का फंड ही आबंटित किया है, जिससे महज 1 हफ्ते की दवा की सप्लाई हो सकती है, उसमें भी सभी मरीजों को दवा बांटने पर हफ्ते भी स्टॉक का चलना मुश्किल है। ऐसे में टीबी के मरीजों की समस्या बढ़ सकती है।

प्रदेश के लगभग 40 हजार टीबी रोगियों पर इसकी दवाओं का असर कम होने (ड्रग रजिस्टेंट होने) का खतरा बढ़ गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल टीबी डिवीजन से टीबी की दवाओं की आपूर्ति पिछले तीन माह से नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि यह दवाएं मात्र तीन कंपनियां ही बनाती हैं, पर उनके पास कच्चा माल यानी दवाएं बनाने का पाउडर उपलब्ध नहीं होने के कारण दवाएं नहीं बन पा रही हैं। दिसंबर से पुराना स्टॉक खत्म होने के कारण छत्तीसगढ़ में दवा की किल्लत और बढ़ गई है। हालत यह है कि प्रदेश में बच्चों के लिए उपयोग होने वाली टीबी की दवाओं की मात्रा बढ़ाकर बड़ों को दी जा रही है। वहीं शासन ने जिले के लिए 3 लाख रूपए टीबी की दवा खरीदने के लिए आबंटित किया है, जिसका टेंडर भी किया गया है, लेकिन इस 3 लाख रूपए से महज 1 हफ्ते की दवा ही आ सकती है, जबकि 4 सौ से अधिक मरीज को हर महीने दवा लेने की जरूरत पड़ती है।



### काम चल रहा है

दवा का वितरण प्रभावित हुआ है, शासन द्वारा 3 लाख का फंड दिया गया है, उसे ही दवा खरीदी जाएगी। मांग के अनुसार पूर्ति कम है, लेकिन काम चल रहा है।

-**डॉ प्रभात श्रीवास्तव**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### एक दिन का भी अंतराल पड़ सकता है भारी

टीबी के मरीजों को शुरू से एफडीसी-4 या एफडीसी-3 दवा दी जाती है। एफडीसी-चार में आइसोनियाजिड, रिफैम्पिसिन, एथमब्यूटोल और पाइराजिनामाइड दवाएं मिश्रित रहती हैं। एफडीसी-3 में आइसोनियाजिड, रिफैम्पिसिन, एथमब्यूटोल का मिश्रण (कंबिनेशन) दिया जाता है। शुरू के छह माह तक लगातार यह दवाएं चलती हैं। इसमें एक दिन का भी अंतर होने पर मरीज की बीमारी एमडीआर में बदलने का खतरा रहता है। एमडीआर टीबी को ठीक करने के लिए फिर उसे लंबे समय तक सात दवाओं के मिश्रण वाली दवा दी जाती है।

### कैसे बनेगा टीबी मुक्त भारत

केन्द्र सरकार ने भारत को 2025 तक टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दवाओं की किल्लत से इस लक्ष्य को पाने में मुश्किल आ सकती है। इस लक्ष्य को पाने के लिए हर राज्य को अधिक से अधिक रोगी खोजने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आदेश दिया है। अनुमान है कि प्रति लाख आबादी पर टीबी के 216 रोगी होते हैं, पर कोई राज्य इस लक्ष्य के पास तक भी नहीं पहुंच रहा है। हालांकि, अब टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए पहले की तुलना नए रोगी अधिक खोजे जा रहे हैं, जिससे अधिक मात्रा में दवाओं की आवश्यकता पड़ रही है, पर मिल नहीं रही।

### बच्चे के इलाज को लेकर सिम्स में हंगामा

एक तरफ टीबी की दवा के लिए लोग भटक रहे हैं, वहीं सिम्स के डाक्टर और नर्स टीबी के मरीज के साथ अमानवीय व्यवहार करने से बाज नहीं आ रहे है। गुरूवार को सिम्स में उस समय हंगामा हो गया जब चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती साढ़े 4 वर्ष के बच्चे के दौरान नर्स और स्टाफ ने परिजनों को सिम्स में बाहर फेंकने की बात कह दी। बताया जा रहा है कि सेंदरी निवासी गणेश भोई के साढ़े 4 साल के बेटे आर्यन भोई को टीबी की बीमारी है और 23 अप्रैल से उसका इलाज सिम्स में चल रहा है, लेकिन इस दौरान सिम्स प्रबंधन की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। गुरूवार को इलाज में लापरवाही बरतने पर परिजनों ने नर्स और स्टाफ की शिकायत कर दी जिसके बाद स्टाफ ने परिजनों के साथ ही मरीज को भी बाहर करने की धौंस दिखा दी, जिसके बाद हंगामा होने लगा।



## जेसीबी समेत कई ट्रक व हाइवा लगे रहे, पुराना बस स्टैण्ड में आवंटित जमीन पर व्यापारियों ने नहीं लगाई दुकान



# मैदान साफ: अब बन सकेगी चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इमलीपारा रोड से दुकानों के टूटने के बाद युद्ध स्तर पर मलबा उठाने का काम चल रहा है, अब यहां पूरा मैदान साफ नजर आने लगा है। दूसरी ओर गुरुवार को किसी भी व्यापारी ने पुराना बस स्टैंड परिसर स्थित आबंटित जगह पर दुकान नहीं लगाई।

इमलीपारा रोड चौड़ीकरण के लिए जिन व्यापारियों की दुकानें तोड़ी गई हैं, उन्हें अस्थाई रूप से दुकान लगाने पुराना बस स्टैंड परिसर में जगह दी गई है। परिसर भीतर 78 दुकान और पुराना टिकट काउंटर के पास 4 दुकान एवं 18 दुकान के लिए शारदा भोजनालय के पास ले-आउट किया गया है। इस तरह से अस्थाई रूप से 100 दुकानों के लिए नगर निगम द्वारा व्यवस्था की गई है, लेकिन दुकान टूटने के बाद आज किसी व्यापारी ने उक्त जगह पर अस्थाई दुकान नहीं लगाई, क्योंकि इस जगह के ठीक सामने शराब की दुकान है और उक्त जगह कांग्रेस भवन के लिए आबंटित है, जिसका विवाद चल रहा है। व्यापारी उस जगह पर पहले ही तैयार नहीं हो रहे थे। नगर निगम व्यापारियों को समझाइश दे रहा है कि पुराना बस स्टैंड परिसर में अभी अस्थाई रूप से दुकान लगा लें। दूसरी तरफ बुधवार की तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद आज इमलीपारा रोड में जेसीबी मशीन सहित दर्जनों हाईवा, ट्रक मलबा उठाने के काम में लगाए गए थे और तोड़फोड़ स्थल से मलबा उठाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा था। निगम द्वारा दुकानों के तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर दूसरे दिन भी किसी तरह कोई विवाद, हंगामा न होने पाए इस बात को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था की दृष्टि से आज भी इमलीपारा रोड में पुलिस बल तैनात रहा।

■ सारी रात चलता रहा मलबा उठाने का काम

### बाधा बनी हुई थीं दुकानें

इमलीपारा रोड स्थित जो दुकान सड़क चौड़ीकरण में बाधा बनी हुई थी, उन्हें तोड़ा जा चुका है। अब केवल दो भवन वहां बच गए हैं जिनमें से एक होटल का स्टे है और दूसरा बैंक का भवन है, जिसे अभी शिफ्ट करने अवसर दिया गया है। तोड़फोड़ के बाद आज मौके पर मलबा हटाने का कार्य जोरों पर चल रहा है।

-**खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

### रात में ही टूट पड़े कबाड़ वाले

इमलीपारा रोड पर सड़क चौड़ीकरण के लिए एक साथ दुकानों को तोड़े जाने के बाद मौके पर दुकानों के मलबा के साथ शेड का लोहा, छड़ आदि सामान बिखरा रहा। इसलिए रात में जैसे ही निगम की तोड़फोड़ कार्रवाई बंद हुई वैसे से कबाड़ वाले सक्रिय हो गए और रात से कांक्रीट को तोड़कर सरिया निकालने और कबाड़ एकत्रित करते रहे।

### खाली नजर आ रहा पूरा एरिया

इमलीपारा रोड में सड़क चौड़ीकरण में बाधा बनी 86 में से 84 दुकानों को ढहाया जा चुका है। नगर निगम का पूरा अमला बुधवार को इस तोड़फोड़ की कार्रवाई दौरान तैनात रहा और सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक तोड़फोड़ की कार्रवाई चलती रही। एक साथ 6 जेसीबी मशीनों से दुकानों को तोड़कर वहां पर मैदान बना दिया गया है।

### तोड़फोड़ से बच गए दो भवन

इमलीपारा रोड पुराना बस स्टैंड चौक के पास बुधवार को नगर निगम द्वारा 86 में से 84 दुकानों को तोड़ा गया है, जबकि दो भवन अभी भी बच गए हैं। इसमें एक तो होटल है, जिसका कोर्ट से स्टे बताया जा रहा है और दूसरा सहकारी बैंक वाला भवन है, जिसके लिए आरबीआई नियमों के तहत बैंक को शिफ्ट करने का समय दिया गया है।

### पहले दुकान उपलब्ध कराना था : शैलेष

इमलीपारा रोड में 88 व्यापारियों की दुकान टूटने के मामले में पूर्व विधायक शैलेष पांडे ने कहा है कि प्रभावित दुकानदारों को दुकान व्यवस्थापन के लिए समय नहीं देना निगम व जिला प्रशासन का अमानवीय कृत्य है। तोड़फोड़ की कार्रवाई से आज छोटे-छोटे दुकानदार भी सड़क पर आ गए हैं। उनका कहना है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा शासनकाल में बड़े-बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की जा रही है। पहले लोगों को बेघर किया गया और अब दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनी जा रही है। इमलीपारा की सड़क 100 फीट से ज्यादा चौड़ी है। मानवता के आधार पर पहले प्रभावित दुकानदारों को निगम प्रशासन द्वारा दुकान उपलब्ध कराना था, उसके बाद ही तोड़फोड़ की कार्रवाई की जानी थी। निगम ने इन दुकानदारों को अभी तक दुकान भी उपलब्ध नहीं कराया और पुराने बस स्टैंड में ही अंदर में दारू भट्ठी के सामने दुकान आबंटन के लिए जगह को चिंहित किया है। लेकिन दुकानों को बनाकर नहीं दिया है, जिससे प्रभावित दुकानदार परेशान हैं। पूर्व विधायक श्री पांडेय ने कहा कि पहले सीवरेज के नाम पर शहर को खोद दिया गया और अब स्मार्ट सिटी के नाम पर दुकानें तोड़ी जा रही हैं।



इमलीपारा रोड की दुकानों को नगर निगम द्वारा तोड़ने पर बस स्टैंड व्यापारियों ने पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक ने उनकी गंभीर समस्या को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया।

## मुंबई मंडल में प्लेटफार्म विस्तार का काम, 2 ट्रेन रद्द, 8 प्रभावित

**बिलासपुर।** रेलवे ने एक बार फिर निर्माण कार्य के नाम पर 2 ट्रेनों को रद्द करने के साथ ही 8 ट्रेनों को रास्ते पर ही समाप्त कर दिया है। जिसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेलवे के अफसरों ने बताया कि अधोसंरचना विकास कार्य के तहत मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन में प्लेटफार्म विस्तार व स्टेशन यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें हावड़ा दुरंतो को रद्द किया गया है। रेलवे प्रबंधन विकास कार्य के नाम पर अब तक 150 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चूकी है। ऐसे में ट्रेनों में समर सीजन में भारी भीड़ का सामना यात्रियों को करना पड़ रहा है। इन दिनों मंडल से गुजरने वाली सभी ट्रेने फूल है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



■ अधोसंरचना विकास कार्य के नाम पर लगातार रद्द हो रहीं ट्रेनें यात्री हो रहे परेशान

### इन ट्रेनों को किया गया रद्द

- 31 मई 2024 को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा- सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 2 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली ट्रेनें

- 16 मई से 31 मई 2024 तक हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा-सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी ।
- 18 मई व 31 मई 2024 को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी ।
- 31 मई 2024 को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी ।
- 31 मई व 01 जून 2024 को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी ।

### गंतव्य से पहले प्रारंभ होने वाली ट्रेनें

- 1 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी ।
- 2 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी ।
- 1 व 02 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी ।
- 1 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12105 सीएसएमटी-गोंदिया एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी ।

## नवनिर्मित मोपका थाना के शुरू होने से अपराध में आएगी कमी

# इस साल भी सरकण्डा क्षेत्र में तेजी से बढ़े अपराध, 4 माह में 500 से अधिक मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल भी सरकण्डा क्षेत्र में तेजी से अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। विगत 4 माह में 500 से अधिक मामले दर्ज हो गए हैं। नवनिर्मित मोपका थाना के शुरू होने से क्षेत्र में अपराध के ग्राफ में कमी आ पाएगी।



हर साल सरकण्डा थाना अपराध के मामले में प्रदेश में नम्बर 1 रहता है। यहां साल में अपराध की संख्या 1500 पार हो जाती है। वर्ष 2024 में भी सर्वाधिक अपराध सरकण्डा क्षेत्र में हो रहे हैं। इसमें हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार, छेड़खानी, चोरी, उठाईगीरी, मारपीट, बलवा सहित सभी प्रकार के अपराध शामिल हैं। जिस रफ्तार क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, उसकी तुलना में थाने में विवेचक नहीं हैं। इसके चलते हर साल सैकड़ों की संख्या में मामले पेंडिंग हो जाते हैं।

### दर्जनों अटल आवास

विगत कुछ वर्षों से शहर में बसे झुग्गी झोपड़ी को तोड़कर उसमें रहने वाले लोगों को सरण्कडा क्षेत्र में अटल आवास बनाकर बसाया जा रहा है। बताया जाता है इस क्षेत्र में दर्जनों अटल आवास बन गए हैं, जो थाना के लिए सिरदर्द बन गया है। यहां सर्वाधिक अपराध अटल आवास, लिंगियाडीह, चांटीडीह, चिंगराजपारा, बसोड़ मोहल्ले में होता है।

### 15 कालोनी 9 गांव शामिल

सरकण्डा थाना क्षेत्र में 15 से अधिक कालोनियां व बिजौर, परसाही, चिल्हाटी, उरतुम, बैमा, नगोई, लगरा, खैरा, बहतराई, सहित 9 गांव शामिल हैं। थाने में बल की कमी के चलते उक्त पूरा इलाका भगवान भरोसे रहता है। बड़ी वारदात होने पर ही पुलिस यहां पहुंच पाती है।

### मोपका थाना बनकर तैयार

सरकण्डा क्षेत्र में मोपका थाना बनकर तैयार हो गया है। लोकसभा चुनाव के पहले मोपका थाना के शुभारंभ करने की तैयारी पूरी हो गई थी। आचार संहिता लगने के कारण थाने का लोकार्पण नहीं हो पाया है। मोपका थाना शुरू होने से सरकण्डा थाने में अपराध के ग्राफ में कमी आएगी।

### कार्रवाई अधिक हुई है

शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने के लिए अभियान चलाकर अपराधियों नकेल कसने सर्वाधिक कार्रवाई की गई है। इससे मामले अधिक दर्ज हुए हैं। आने वाले समय पर अपराध का रेश्यो कम हो जाएगा।

-**उमेश कश्यप** एडीशनल एसपी

जेल परिसर से आरोपियों के भागने का मंडराता रहता है खतरा

## आरोपियों को जेल दाखिल करने पुलिस कर्मियों को गेट के सामने घण्टों बहाना पड़ रहा पसीना

कोर्ट से जेल वारंट कटने के बाद पुलिसकर्मियों को आरोपियों को जेल दाखिल करने घण्टों पसीना बहाना पड़ रहा है। तीन से चार घण्टे तक पुलिसकर्मी आरोपियों को लेकर गेट के सामने बैठे रहते हैं। ऐसे में आरोपियों के भागने की खतरा मंडराता रहता है।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के पहले से जिले से आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। जिले के थानों में गुंडे बदमाश, आर्म्स एक्ट, अवैध शराब बेचने वाले पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। प्रतिदिन जिले के थानों में पुलिस आरोपियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया जाता है। शाम 6 बजे आरोपियों को जेल भेजने के वारंट जारी किया जाता है। उसके बाद पुलिसकर्मी आरोपियों को जेल दाखिल करने के लिए केंद्रीय जेल जाते हैं। आरोपियों को जेल दाखिल करने के लिए पुलिस गेट के पास रोक दिया जाता है। आलम यह है कि पुलिसकर्मियों को आरोपियों को जेल दाखिल कराने 3 से 4 घण्टे लग जाते हैं। बताया जाता है लाकअप करने व छूटने वाले बंदियों की रिहाई करने के बाद नए आरोपियों को जेल के अंदर लिया जाता है। आरोपियों की एमएलसी रिपोर्ट होने के बाद भी फिर से दोबारा एमएलसी कराने के भेज दिया जाता है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को जेल दाखिल कराने में रात 10 बज रहा है। ऐसे में जेल परिसर से आरोपियों के भागने की खतरा मंडराता रहता है।

### लाकअप करने में लगता है समय

शाम को जेल के अंदर लाकअप करने व जमानत में छूटने वाले बंदियों की गणना व रिहाई करने में समय लगता है। रिहाई के दौरान नए आरोपियों को जेल के अंदर लेने से परेशानी होती है।

- **खोमेश मंडावी**
जेल अधीक्षक

**खबर संक्षेप**

## गुनगुन को स्व. अनीता श्रीवास्तव स्मृति छात्रवृत्ति



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एमएससी प्राणीशास्त्र प्रथम सेमेस्टर की छात्रा गुनगुन राय को महाविद्यालय में सेवानिवृत्त जी. एम. कोल इंडिया द्वारा प्रदीप कुमार के द्वारा अपनी पत्नी स्व. अनिता श्रीवास्तव की स्मृति में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। ज्ञात हो कि राज्य स्तर पर एम एस सी प्राणीशास्त्र की मेधावी छात्र-छात्राओं का आवेदन मंगाया जाता है। विद्वान सदस्यों द्वारा प्राप्त आवेदन का निरीक्षण कर मेरिट अंक प्रदान किया जाता है। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का चयन कर दो वर्ष के लिए प्रति महीना 1000 रुपए प्रदान किया जाता है। राज्य स्तर पर चयन होने वाली छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाली लगातार शासकीय विलास कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्राओं ने प्राप्त किया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश, प्रदीप कुमार सपरिवार, डॉ. सुभदा राहलकर, डॉ अंजू तिवारी, डॉ शैलजा जोगी, राजेंद्र कुमार, सुश्री प्रेमलता बंजारे, मनोज पटेल आदि मौजूद थे।

## पुणे-बालेश्वर के बीच दौड़ेगी समर स्पेशल

**बिलासपुर।** समर के दौरान रेल यात्रियों की मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुणे एवं बालेश्वर के मध्य एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए 01451 पुणे-बालेश्वर समर स्पेशल 18 मई शनिवार को पुणे से रवाना होगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा से 01452 बालेश्वर-पुणे समर स्पेशल 20 मई सोमवार को बालेश्वर से रवाना होगी।

### सीवी रमन विवि में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर सहित 5 सदस्यीय टीम ने किया विजिट

# ग्लोबल वार्मिंग के साथ वेदों में पर्यावरण विज्ञान के महत्व पर करें शोध: प्रो. राजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कुलसचिव गौरव शुक्ला ने कहा- देशभर के विद्वानों का विजिट का सिलसिला जारी

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने अपनी पांच सदस्य टीम के साथ विजिट किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, तकनीक, भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल विकास सहित विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों को देखा और सराहा।

उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग पर शोध एवं वेदों में पर्यावरण एवं विज्ञान के महत्व सहित अनेक विषयों पर शोध करने पर सुझाव भी दिए। साथ ही उन्होंने सी कॉस्ट सेंटर एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किए जा रहे उत्पादन को सराहा। विवि के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि डॉ सीवी रमन विवि विज्ञान तकनीक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सहित सीजी कॉस्ट, कौशल विकास,ग्लोबल वार्मिंग सहित अनेक विषयों में कार्य कर रहा है। इसके लिए देश के विषय विशेषज्ञों को विजिट कराया जाता है। आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश एवं उनकी पांच सदस्य टीम विश्वविद्यालय पहुंची। उन्होंने विवि को सूक्ष्म रूप से भ्रमण किया है और विज्ञान तकनीक ज्ञान परंपरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों को देखा। उन्होंने नई तकनीक, रिसर्च एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर भी विश्वविद्यालय को अनेक सुझाव दिए। श्री शुक्ल ने बताया कि उन्होंने कौशल विकास और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र में विद्यार्थियों के कार्य को देखकर यह भी कहा है कि आईआईटी भिलाई में इन कार्यों के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।



विजिट के दौरान निरीक्षण करते 5 सदस्यीय टीम के सदस्य व अन्य।

### ग्लोबल वार्मिंग पर शोध के लिए चर्चा

प्रो राजीव प्रकाश ने ग्लोबल वार्मिंग पर शोध के लिए विद्यार्थियों से लंबी चर्चा की। विवि में स्थापित सी कास्ट सेंटर के कार्य को भी राजीव प्रकाश ने सराहा। इस अवसर पर प्रो. प्रकाश को छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर के साथ मिलकर अंचल के विद्यार्थियों को चलित विज्ञान प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का एकमात्र यह केंद्र है जहां पर विद्यार्थियों के भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। गौरव शुक्ला ने कहा कि उनके सुझाव का विश्वविद्यालय में पालन किया जाएगा। हम विद्यार्थियों को एक बेहतर कल के लिए तैयार करेंगे।

# डाक मतपत्र व इटीपीबीएस के मतों की होगी पहले गणना

- 4 जून को होगी मतगणना अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

4 जून हो होने वाली मतगणना की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। इसमें सबसे पहले डाक मतपत्र व इटीपीवीएस के मतों की गिनती करने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में मतगणना कार्य के लिए सहायक रिटर्निंग अफसरों और उनकी सहयोगी टीम को गुरुवार 16 मई को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में चुनाव आयोग के मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया। उन्हें मतगणना कक्ष का मॉडल बनाकर हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। राज्य में निर्वाचन आयोग के डिप्टी सीईओ यूएस अग्रवाल एवं राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रणव सिंह ने मतगणना कार्य के संपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण भी शामिल हुए। कलेक्टर ने मतगणना से संबंधित कई प्रश्न भी मास्टर ट्रेनर से किए। प्रशिक्षण में बिलासपुर सहित मुंगेली जिले के 8 विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और उनके सहयोगी मौजूद थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबल लगाए जाएंगे।

इनमें मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने मतगणना के पूर्व तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस दौरान डाक मतपत्र व कंट्रोल यूनिट के मतों की काउंटिंग प्रक्रिया को समझाया गया।

# 12 आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए निकली लॉटरी

- 2142 बच्चों का हुआ चयन

**बिलासपुर।** जिले में संचालित 34 आत्मानंद स्कूलों में 18 मई तक प्रवेश प्रक्रिया कराई जानी है। ऐसे में सीटों से अधिक आवेदन आने पर इन स्कूलों में लॉटरी निकाल कर बच्चों को भर्ती दिया जा रहा है।

गुरूवार को जिले के 12 स्कूलों में लॉटरी निकाली गई। इसमें 2142 बच्चों का चयन हुआ। अब इन बच्चों को संबंधित स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। जिले में कुल 34 आत्मानंद स्कूल संचालित है। इसमें 16 से 18 मई तक तीन दिनों में कुल 8300 सीटों पर बच्चों को प्रवेश देना है। पहले दिन 12 स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया चली, इनमें सीटों से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी के जरीए बच्चों का चयन किया गया। आत्मानंद स्कल चिंगराजपारा में 250 बच्चों का चयन लॉटरी से चयन हुआ। इसके साथ ही तिलक नगर स्कूल में 66, पंधी में 850, लालबहादूर स्कूल में 64 सीट, कोनी स्कूल में 14, तखतपुर में 50 इसके अलावा बिल्हा,घूटकू, बेलगहना, मस्तूरी,बेलतरा और बालक सरकंड़ा स्कूल मिलकार पहले दिन कुछ 2142 सीटों पर लॉटरी के माध्यम से बच्चों को प्रवेश दिया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य,नोडल अधिकारी और अभिभाव व बच्चे मौजूद रहे।



### आज इन स्कूलों में निकलेगी लॉटरी

आज दूसरे चरण के अंतर्गत 9 स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली जाएगी इसमें लिंगयाडीह, लाला लाजपत राय स्कूल, तिफरा स्कूल, पचपेडी, डीकेपी कोटा, कन्या चकरभाठा, मल्टीपर्पज दयालबंद, कन्या महारानी लक्ष्मी बाई और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेलपान में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है।

## प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान

**बिलासपुर।** अभा वैश्य कसौधन महासभा द्वारा वर्ष 2024 में कसौधन वैश्य समाज के ऐसे छात्र छात्राएं जो 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। अखिल भारतीय वैश्य कसौधन महासभा के जिला अध्यक्ष मेश गुप्ता ने बताया है कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज के अन्य प्रतिभावान युवक-युवतियों जैसे शिक्षा में गोल्ड मेडलिस्ट, इंजीनियरिंग, नीट मे सलेक्शन, सी.ए, एमबीबीएस, पीएचडी उपाधि एवं अन्य कई प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बच्चों का प्राप्तांक पत्र की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी अपनी सम्पूर्ण जानकारियों के साथ उत्सव कार्ड नागोराव शेष स्कूल के पास जूना बिलासपुर में जमा कर सकते हैं।

**कार्यालय प्राचार्य एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस**

क्र. 121 / LCIT C&S/2024 बिलासपुर दिनांक :- 16/05/2024

**आवश्यकता**

एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, बोदरी, बिलासपुर में निम्नलिखित पदों पर BCI/ UGC के मानको के अनुरुप परिनियम - 28 के अनुपालन में नियुक्ति हेतु दिनांक 05/06/2024 तक योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है- **शैक्षणिक पद हेतु (विधि संकाय हेतु):-** 1. प्राध्यापक – 01 पद, 2. सह–प्राध्यापक – 01 पद 3 सहायक प्राध्यापक - 03 पद (अनारक्षित- 1 पद, अनु. जनजाति- 1 पद, अ.पि.व. - 1पद) 4. सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र) - 01 पद 5. सहायक प्राध्यापक ( राजनीति विज्ञान ) - 01 पद, 6. सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) – 01 पद। **(कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय हेतु):-** प्राध्यापक/सह- प्राध्यापक (सभी संकाय सख्या - 01) सहायक प्राध्यापक (बायोटेक्नालॉजी- 01 पद, समाज शास्त्र - 01. राजनीति विज्ञान - 01, भूगोल - 02 जन्तु विज्ञान - 02 हिन्दी -01, वनस्पति विज्ञान -01, भौतिकी विज्ञान -01, रसायन विज्ञान – 02, अर्थशास्त्र - 01, इतिहास - 01, माइक्रोबायोलॉजी -01, अंग्रेजी साहित्य -01, वाणिज्य – 02, गाणित -01, प्रबंधन - 01 कम्प्यूटर साइंस - 02 पद)। **अशैक्षणिक पद:-** 1. ग्रंथपाल - 01 पद, 2. सहायक ग्रंथपाल - 01 पद, 3. लेखापाल - 01 पद, 4. कार्यालय सहायक - 01 पद 5. क्रीड़ा अधिकारी - 01 पद, प्रयोगशालासहायक / प्रयोगशालातकनीशियन- 1 पद (बायोटेक्नालॉजी, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस, भूगोल विषय के लिये) नोट:- 1. योग्यता - BCI /UGC के द्वारा निर्धारित योग्यता। 2. वेतनमान - BCI / UGC के नियमानुसार मूलवेतन प्रदान किया जायेगा। 3. नियमानुसार आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा। 4. पदों की संख्या परिवर्तनीय है। 5. आवेदनकर्ता अपना BIO-DATA, E-mail lcit.cv@gmail.com address पर दिनांक 05/06/2024 तक प्रेषित कर सकते है।

**प्राचार्य:- एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंडसाइंस, बोदरी, बिलासपुर (छ.ग.)**






16- MAY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 5/17/2024 12:39 AM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




2 सीवी रमन विवि में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव ने किया विजिट

## सम्मान

## जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सलूजा का पंजाबी युवा समिति ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष पद पर पंजाबी युवा समिति के कार्यकारिणी सदस्य अनिल सलूजा पुनः निर्वाचित होने पर पंजाबी युवा समिति ने बधाई दी रायपुर रोड हाईकोर्ट के पास स्थित हॉटल मे पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष बलजीत सिंह गंभीर के नेतृत्व मे समिति के सभी सदस्यों ने अनिल सलूजा का पुष्प गुच्छ के साथ सम्मान किया और बधाई दी । कार्यक्रम के उद्बोधन मे वरिष्ठ सदस्य अमरजीत सिंह टुटेजा ने अनिल सलूजा को बिलासपुर लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष बनने की बधाई देते इसे पंजाबी समाज बिलासपुर के लिए गौरव व उपलब्धि बताई। साथ ही बताया कि इससे समाज मे भी अत्यंत हर्ष ब्याप्त है। जसपाल सिंह छाबडा ने कहा कि अनिल सलूजा का यह नेतृत्व क्षमता ही है कि वो बिलासपुर फल सब्जी महासंघ के अध्यक्ष पद के साथ बिलासपुर लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष पद एव समाज की अनेक संस्था मे भी कुशल नेतृत्व दे रहे है । पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष बलजीत सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह दुआ, अमरजीत सिंह टूटेजा, चरनजीत सिंह गंभीर, कमलदीप सिंह अरोरा, सुरेंद्र सिंह छाबडा, जसपाल सिंह छाबडा, इंदरजीत सिंह विशेष रुप से उपस्थित होकर बधाई दी।

# विषयों का चयन अपनी पसंद से करें, 12वीं के बाद वह करें जो स्वयं करना चाहते हैं

**10वीं व 12वीं के रिजल्ट के बाद डिसीजन लेने कॅरियर काउंसलिंग जरूर करवाएं**

10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी हो गए दोनों ही रिजल्ट के बाद अब अब स्टूडेंट्स के सामने कॅरियर गाइडेंस को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है। दसवीं के छात्रों को विषय चयन करने और बारहवीं के छात्रों को कॉलेज चयन को लेकर असमंजस है।

**बिलासपुर।** कॅरियर काउंसलर डॉ सीजे सिंह ने बताया कि बच्चों का कॅरियर बनाने के पहले बच्चों का मनोवैज्ञानिक टेस्ट जरूर करवाएं ताकि इससे बच्चों की क्षमता और पसंद की जानकारी मिल सके।

बिना कॅरियर गाइंडेस के बच्चे व अभिभावक कोई भी डिसीजन ले लेते हैं जिससे भविष्य में उन्हें पछताना पड़ता है। दसवीं के बाद गणित, जीव विज्ञान, कामर्स, आट्र्स व कृषि में से किसी विषय को चुनना होता है। इन मूल विषयों में से किसी एक विषय के साथ-साथ कोई एक




अतिरिक्त विषय भी लेने की व्यवस्था कुछ हायर सेकंडरी स्कूलों में है। जैसे कॉमर्स विद मैथ्स, बॉयोलॉजी विद बायोटेक्नॉलॉजी, मैथ्स विद फिजिकल एजुकेशन आदि।

12वीं के बाद कॉलेज के चयन पर भी स्टूडेंट्स को सावधानी बरतने की जरूरत है। कॉलेज का ग्रेड और वहां के रिजल्ट की जानकारी होना जरूरी है। विषय चयन और एडमिशन में जल्दबाजी न करें। एक्सपर्ट और काउंसलर की सलाह लें।

### रूचि और नेचर जानना जरूरी

डॉ किरण पाल सिंह चावला ने बताया कि जिस प्रकार हम बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवाई नहीं खाते,उसी प्रकार बिना कॅरियर काउंसलिंग करवाए कॅरियर का डिसीजन नहीं लेना चाहिए। हर बच्चों के अंदर प्रतिभा होती है, इसे सही समय पर पहचान करना जरूरी है। साइकॉलिजकल टेस्ट बच्चों को जरूर करवाएं ताकि इससे बच्चों की क्षमता और रूचि का आकलन हो सके।

### पास के विकल्पों पर दे ध्यान

डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे 10 वीं के बाद विषय चयन में दोस्त या फिर पैरेंटस के दबाव में विषय का चयन कर लेते हैं,मगर खुश नहीं रहते और उनका भविष्य तक बिगड़ जाता है,ऐसे में अपनी पसंद का ध्यान रखकर ही चयन करें। 12वीं के बाद आगे कॉलेज की पढ़ाई के लिए बच्चों को बाहर जाने की बजाय आसपास में उपलब्ध विकल्प पर ध्यान देना चाहिए।

### बच्चों की एबिलिटी जानना जरूरी

जयेश गुंबर ने बताया कि बच्चों के कॅरियर को सही दिशा में जाने के लिए 10वीं और 12वीं दो ऐसे स्टेज है,जहां सही निर्णय से बच्चे का कॅरियर बेहतर बन सकता है। इस समय को अभिभावक और बच्चे प्रतिस्पर्धा में ना जाकर स्वयं व अपनी रूचि के अनुसार ही फैसला करें। कॅरियर काउंसलिंग बच्चों को अवश्य करवाना चाहिए। बच्चों में प्रतिभा बहुत है पहचानने की जरूरत।

### हर फील्ड में अवसर

प्रोप्रेसर डॉ अभिषेक शर्मा ने बताया कि बढ़ते समय के साथ समय-समय पर स्कोप में भी बदलाव हो रहा है, पहले डॉक्टर और इंजीनियर सबसे सफल प्रोफेशन माना जाता था, मगर अब ऐसा नहीं है। आज के समय में हर स्ट्रीम में अवसर है। कॉमर्स,मैथ्स,साइंस व आर्टस जैसे विषयों तक में जॉब बहुत हैं। इसलिए हर कोई को अपनी रूचि से ही भविष्य का चयन करें।

## हेल्थ प्लस

## धूप से घर लौटने के बाद तुरंत न करें ये काम, बिगड़ेगी तबियत

**बिलासपुर।** मई के महीने में गर्मी का पारा और भी बढ़ गया है तापमान के बढ़ने से लोग हीट वेव का शिकार हो रहे हैं। चिलचिलाती गर्मी में कोशिश करें कि दोपहर के समय धूप में बाहर न निकलना पड़े। अगर कामकाज के लिए निकलना पड़ रहा है तो कुछ सावधानियां ज़रूर बरतें। दरअसल, तेज चिलचिलाती धूप की वजह से बॉडी डिहाइड्रेटेड हो जाती है और शरीर तेज बुखार, चक्कर जैसी कई समस्याओं की चपेट में आ जाता है। कई बार लोग तेज धूप से घर लौटने के बाद ऐसी गलती कर देते हैं जिस वजह से उनकी सेहत पर बन आती है। चलिए हम आपको बताते हैं जब आप दोपहर में घर आएं तो आपको क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

तुरंत एसी ऑन न करें: अगर आप तेज धूप से घर लौट रहे हैं तो कमरे या हॉल का एसी तुरंत चालू न करें। बाहर से आने के बाद गर्मी बहुत ज़्यादा लगती है लेकिन आप पंखे की हवा में बैठें। एक बार जब बॉडी का टेम्प्रेचर नॉर्मल हो जाए और शरीर से पसीना सूख जाए तो तब एसी चालू करें।



### तुरंत ठंडा पानी न पिएं

बाहर से आने के बाद ज़्यादातर लोग तुरंत फ्रिज की तरफ दौड़ते हैं ताकि ठंडा पानी पीकर गर्मी की तपिश को कम किया जाए। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इससे आपको बुखार हो सकता है, गला खराब हो सकता है और आपको सर्दी-खांसी की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में धूप से घर आने के बाद थोड़े देर बैठें और फिर सामान्य तापमान का पानी पिएं। इससे बीमार पड़ने की सम्भावना कम हो जाएगी। तुरंत न खाएं ठंडा खाना: बाहर से आने के बाद लोग तुरंत फ्रिज में रखें आइसक्रीम, छाछ या फिर कोल्ड ड्रिंक पीने लगते हैं।

## खाने के बाद गैस और एसिडिटी से जलने लगे सीना तो आज़माएं ये घरेलू उपाय

**बिलासपुर।** अगर आप डिनर 8 बजे के बाद करते हैं तो आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का समाना करना पड़ सकता है। खासकर लोगों के पाचन तंत्र पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ता है। दरअसल, कई बार ऐसा होता है कि रात में खाना खाने के बाद लोगों को गैस और एसिडिटी की वजह से खट्टी डकार आने लगती है और सीने में जलन होने लगता है। एसिडिटी की वजह से लोगों को पेट फूलना, सीने और पेट में जलन जैसी शिकायत होती है। ऐसे में लोग बेहद परेशान हो जाते हैं। अगर आपको भी यह परेशानी ट्रिगर करती है तो तुरंत आराम पाने के लिए आप ये घरेलू नुस्खें ज़रूर आज़माएं।



### इन घरेलू नुस्खों का करें इस्तेमाल:

**सौंफ का पानी पिएं:** अगर खाना खाने के बाद आपको गैस और सीने में जलन होने लगे तो आप तुरंत सौंफ का पानी पीएं। आपने देखा होगा बेहतर पाचन के लिए लोग खाना खाने के बाद सौंफ चबाकर खाते हैं ताकि पाचन सही से हो। सौंफ आपके पेट में ठंडक प्रदान कर एसिडिटी को कम करता है। जीरे गैस और एसिडिटी में काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तेल लार ग्रंथियों को उत्तेजित कर पाचन को बेहतर करता है। एक गिलास पानी में चम्मच जीरा डालें और उसे उबालें। जब पानी उबाल जाए तब इस पानी को छानकर पियें इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा।

### अदरक है फायदेमंद

एंटी इफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर अदरक भी गैस एसिडिटी की समस्या ऐ आपको राहत दिलाता है। अदरक के छोटे छूटे टुकड़े कर आप उसे खाएं इससे आपको सीने में होने वाली जैम से तुरंत आराम मिलेगा।

## पीतांबरा यज्ञ में बगलामुखी देवी की सवा लाख घी बत्तियों से की गई महाआरती

**अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति 19 को, पीतांबरा पीठ में चल रहा धार्मिक अनुष्ठान**

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में बगलामुखी जयंती पर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में रात्रिकालीन पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ भी चल रहा है। बुधवार को अभिजीत मुहूर्त 12 बजे सवा लाख घी बत्तियों से महाआरती की गई। 19 मई को अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति की जाएगी।



**बिलासपुर।** जयंती पर्व पर प्रतिदिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार, देवाधिदेव महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का प्रातः कालीन रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी का श्री सूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक, भगवान श्रीराम का पूजन, श्रृंगार एवं रात्रिकालीन हवनात्मक महायज्ञ किया जा रहा है। इस अवसर पर बेंगलुरु से आए पीयूष प्रकाश, शालू प्रकाश पीतांबरा यज्ञ के प्रधान यजमान के रूप में शामिल हुए। प्रातः साढ़े 9 बजे श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक वैदिक विधि-विधान से आचार्य के सानिध्य में संपन्न हुआ।

पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने कहा कि देवी को माया माया कह निंदा करने और कोसने से नहीं मां-मां कहने से लोक और परलोक में समृद्धि, सुख और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अज्ञानियों के पास जो संसार वह भी मां का दिया हुआ है परंतु संसार उसको ही अनुकूल मानता है जो धर्मात्मा और मां का भक्त होता है। अपने निर्धन और प्रतिकूल संसार को सधने और अनुकूल करने के लिए कलयुग में चण्डी मां और विनायक भगवान अधिकृत है। कलौं चण्डी विनायकौ देवी भागवत की कथा प्रमाण है कि जिन-जिन राक्षसों और राक्षसी स्वभाव वालों ने भगवान को देर किनारे कर माया को अपनाया है, वह रावण की तरह ही संपत्ति, संतति और सम्मान पाने के बाद भी मोक्ष नहीं बल्कि कंगाल होकर मृत्यु को प्राप्त हुए हैं।

## मानव जीवन में स्वाध्याय का महत्वपूर्ण स्थान : बीके स्वाति

**मानव जीवन में स्वाध्याय का महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन में सत्य ज्ञान के आधार पर स्वयं के बारे में चिंतन करना की मुझमें क्या-क्या गुण व विशेषताएं हैं। यह चिंतन करना ही स्वचिंतन कहलाता है। स्व-चिंतन के बिना व्यक्ति खुद को खुद से दूर कर देता है। स्व-चिन्तन चिंतन प्रगति का आधार है।**

**बिलासपुर।** उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टेलीफोन एक्सचेंज रोड की मुख्य शाखा राजयोग भवन द्वारा केंद्रीय जेल में आयोजित सात दिवसीय तनाव मुक्त प्रबंधन शिविर में सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि स्वचिंतन करना अर्थात आत्मिक गुण एवं शक्तियों को विकसित कर दूसरों को मन, वचन, कर्म द्वारा सुख देना है। इसके लिए हमें अपने विचार, भावनाएं, दृष्टि, वृति को स्वच्छ बनाना होगा। जिससे हमारे कर्म शुद्ध होंगे, संस्कार श्रेष्ठ बनेंगे और व्यवहार में शालीनता आएगी। इस प्रकार हमारा जीवन प्रशंसनीय बन जाएगा। जिस प्रकार कपड़ों की स्वच्छता की ओर ध्यान न दें तो कपड़े पहनने योग्य नहीं रहेंगे उसी प्रकार व्यसन एवं अन्य बुराइयों द्वारा आत्मा मैली हो जाती है तो हमें जीवन में सुख, शांति एवं आनंद की अनुभूति नहीं होती है। सारे दिनहमें अपने मन बुद्धि की गतिविधियों पर ध्यान देकर अपने भीतर झांकना है कि जो श्रेष्ठ शक्तियां भगवान ने हमें मन और बुद्धि से रूप में दिया है हम इसको कहां लगा रहे हैं। स्व-चिन्तन चिंतन प्रगति का आधार है। जैसे एक अलमारी में बहुत मूल्यवान चीजें रखी है बहुत समय से देखा ही नहीं तो हम जानेंगे भी नहीं कि अंदर क्या रखा हुआ है। अलमारी को खोलकर देखना अर्थात स्वयं की जीवन में देखना कि क्या-क्या का गुण, शक्तियां, विशेषताएं व संस्कार मुझमें भरे है यह चेक करना ही स्वचिंतन है।



**केंद्रीय जेल में चल रहा तनाव मुक्त प्रबंधन शिविर, राजयोग भवन का आयोजन**

### परमात्मा के साथ अपने को जोड़ना ही योग

स्वाति दीदी ने कहा कि सबसे पहला कदम अपने अंदर जाकर शांति, प्रेम, सुख, ज्ञान, शक्ति, आनंद का अनुभव करना है। इसके लिए स्वयं को आत्मा हूं, यह महसूस करने की जरुरत है। इस अभ्यास से सकारात्मक गुण हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता हैं। इसके अतिरिक्त आध्यात्मिकता से स्वयं को सर्वोच्च सत्ता परमात्मा के साथ जोड़ने से आंतरिक शक्तियां बढ़ने लगती है। परमात्मा जो कि शांति, प्रेम व सर्व गुणों का सागर है, उनके साथ संबंध जोड़ना ही योग कहलाता है।

## 10 जून तक खेलों का होगा आयोजन

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 21 से

**स्पोर्ट्स न्यूज**

**बिलासपुर।** 12 स्थानों में 12 खेलों का देंगे प्रशिक्षण, अपर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक बिलासपुर। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024-25 के आयोजन को लेकर गुरुवार को खजान्ची कुम्हार अपर आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर की अध्यक्षता में नगर पालिक भवन के दृष्टि सभा कक्ष में एक बैठक हुई। इसमें एथलेटिक, हॉकी, तीरंदाजी, कबड्डी, तैराकी, जूडो, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बेसबॉल, व्हॉलीबॉल, ताईक्वांडो एवं खो-खो खेलों के लिए प्रशिक्षण शिविर 21 मई से 10 जून तक आयोजित करने एवं खेल विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 बजे तक व सायं 5 से 7 बजे बजे तक प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया।

छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार खिलाड़ियों को खेल व स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने तथा जिले में ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अवनीश शरण जिला कलेक्टर एवं अमित कुमार आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला बिलासपुर के 12 स्थानों में 12 खेलों का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए स्थल चिन्हित किए गए हैं। इसमें एथलेटिक एवं तीरंदाजी स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर, हॉकी स्व. बीआर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई व पं. लाल बहादुर शास्त्री उ.मा. विद्यालय बिलासपुर, कबड्डी स्व. बीआर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, कबड्डी संघ चिंगराजपारा, तैराकी, जूडो जिला खेल परिसर सीपत रोड सरकंडा, फुटबॉल जिला खेल परिसर सीपत रोड सरकंडा एवं ऊर्दू स्कूल महाकाल मैदान, तारबाहर, ताईक्वांडो जिला खेल परिसर सीपत रोड सरकंडा, पुलिस ग्राउण्ड बिलासपुर, बास्केटबॉल पं. देवकीनंदन दीक्षित कन्या विद्यालय, देवकीनंदन चौक, छ.ग. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बिलासा गर्ल्स कॉलेज पिंक खेल मैदान, बेसबॉल छ.ग. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्हॉलीबॉल हिर्री माईंस व पुलिस ग्राउण्ड बिलासपुर, खो-खो शारदा मंदिर ग्राउण्ड, चांदमारी, हरदी रोड सिरगिट्टी रेल्वे बिलासपुर आदि शामिल है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में श्री एक्का सहायक संचालक, खेल अधिकारी अमलेश, वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश टोप्पो, हरगुलशन सिंह, खेल संघ के पदाधिकारी डॉ. मनीष श्रीवास्तव, सुनील गौरहा, डॉ. अजय सिंह, अमरनाथ सिंह, रामपुरी गोस्वामी, सुश्री मिताली घोष, अजय यादव, राजेश्वर सिंह, डॉ. सुधीर राजपाल, प्रदीप यादव, राजकुमार जायसवाल, सौम्य संतवानी, देवेन्द्र यादव, रवि पारिख, राजेन्द्र चन्द्रा, एस श्रीनिवास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट आज से



**मैच खेलने बिलासपुर की टीम धमतरी के लिए हुई रवाना**

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा दिनांक 17 से 27 मई तक अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, सभी मैच तीन दिवसीय खेला जाएगा। अंडर 16 प्रतियोगिता के लिए दो ग्रुप बनाया गया है ग्रुप ए और ग्रुप बी। जिसमें बिलासपुर ग्रुप ए में है और साथ में रायपुर, कोरबा और बीसीए भिलाई टीम भी शामिल है। बिलासपुर अपना पहला मैच 17 से 19 मई को को रायपुर के मध्य धमतरी के मैदान खेलने उतरेगी, बिलासपुर अपना दूसरा मैच कोरबा के मध्य 21 से 23 मई को भिलाई के कल्याण कॉलेज मैदान में खेलेगी। और तीसरा मैच 25 से 27 को बीसीए के मध्य धमतरी के मैदान में खेलेगी। सभी खिलाड़ी गुरूवार को बिलासपुर से धमतरी के लिए रवाना हुए।

क्रिकेट संघ के चयनकर्ता अभ्युदयकांत सिंह ,सुशांत शुक्ला, अभिषेक सिंह और मोइन मिर्जा द्वारा खिलाड़ियों के बल्लेबाजी गेंदबाजी, फिल्डिंग और फिटनेस को देखते हुए संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया। उसके बाद चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाया गया। और साथ ही 6 सलेक्शन मैच कराया गया और खिलाड़ियों के प्रर्दशन के बाद खिलाड़ियों का का चयन अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया।

### इन खिलाड़ियों का किया गया चयन

आर्यन सिंह (कप्तान) , रणवीर चड्ढा (उपकप्तान),पियूष चंद्र, शैवाल सरकार, अदित्य देव खटकर, अयानवीर सिंह भाटिया, गुणवंत अवस्थी, संजय पाटले, सागर सिंह, आरव सतीश राय, अरमान पटेल, जी कविश नायडू, चेतन कुमार, शेख अरहम अहमद, सूर्यांश स्वर्णकार, गुरवीर सिंह चावला, कवियांश वाधवानी है । स्टैंड बाइ..अचिंत्य सक्सेना , नीतीश खैरवार, नमन चंद्राकर, प्रथम मोटवानी , नव्य वाधवानी, आकाश कोरी टीम के कोच मोइन मिर्जा और आयुष दीक्षित है।

## खबर संक्षेप

### निरंजन केशरवानी कॉलेज के प्राचार्य सेवानिवृत

**करगी रोड कोटा।** शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बीएल काशी 40 वर्ष की सेवा के पश्चात सेवानिवृत हो गए। विदाई समारोह आयोजित कर नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य प्रो. एके पाण्डेय का अभिनंदन किया गया। 1984 में स्कूल शिक्षा विभाग से अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ करते हुए प्रो. बीएल काशी ने 1989 से उच्च शिक्षा विभाग में बिल्हा, कुरूद एवं कोटा में सहायक प्राध्यापक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की। सन 2018 से 2024 तक इन्होंने शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा के प्राचार्य के रूप में कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेके द्विवेदी ने किया।



### ग्राम पंचायत स्तर पर भी कचरा फेंकने बनी व्यवस्था

**बेलतरा।** जिला पंचायत द्वारा शहरों की भांति अब गांवों में भी ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा फेंकने की व्यवस्था शुरू की गई है। गांवों को भी अब स्वच्छ सुंदर बनाने हेतु जिला पंचायत ने निर्देश जारी किया है। पंचायत स्तर से कचरा फेंकने का सामान उपलब्ध कराया गया है। कचरा फेंकने की व्यवस्था ग्राम पंचायत नेवसा में राधा रानी महिला समूह द्वारा जवाबदारी ली गई है। वहीं ग्राम पंचायत बेलतरा में पूजा महिला स्व सहायता समूह ने जवाबदारी ली है। इन्होंने कचरा फेंकने की सहमति प्रदान करते हुए ग्राम पंचायत नेवसा एवं बेलतरा में कचरा फेंकने प्रारंभ कर दिया है। समूह की महिला अब घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा कर निश्चित स्थान पर डंप करेगी। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच नेवसा भारत लाल कश्यप व बेलतरा सरपंच रामरतन कौशिक ने दी।

## निधन

### ठाकुर हरबंस सिंह



**बिलासपुर।** गतौरी निवासी पूर्व सीएमओ ठाकुर हरबंस सिंह का गुरुवार 16 मई को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 17 मई शुक्रवार को सुबह 9 बजे रतनपुर रोड स्थित उनके गृह ग्राम गतौरी में होगा। वे अपने पीछे पुत्र चंद्रदीप सिंह व तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### अक्षयवर नाथ तिवारी



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी अक्षयवर नाथ तिवारी 16 मई को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्ति धाम में किया गया। वे तुलसी देवी के पति तथा संतोष, योगेश और विवेक तिवारी के पिता थे।

### आनंदीबाई भोसले



**बिलासपुर।** रामकृष्ण एनक्लेव सरकंडा निवासी आनंदी बाई भोसले का 16 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पदुमन राव भोसले की माता एवं शुभम भोसले की दादी थीं।

### जयंती दास



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी जयंती दास का 16 मई को निधन हो गया वे 85 वर्ष की थी उनका अंतिम संस्कार 17 मई को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ललित कुमार, इला रानी एवं रमा रानी की माता थी।

## भीषण गर्मी के बीच सर्द-गर्म ने बढ़ाई लोगों की दिक्कत

# गर्मी का असर: बढ़े मरीज, वाटर एटीएम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गर्मी से लोगों का बुरा हाल है और भीषण गर्मी के कारण घर से बाहर निकलते ही लोगों के कंठ सूखने लगते हैं। घर से बाहर निकलने पर गर्मी के मार से बचने के लिए लोग शुद्ध पेयजल की तलाश करते हैं। 19 लाख रुपए की भारी भरकम लागत से नगर में लगाई गई 2 नग वाटर एटीएम विभागीय उदासीनता की भेंट चढ़ गई है। वाटर एटीएम बंद रहने से आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। मेंटनेंस का दायित्व निर्धारित करने के बाद भी कंपनी के द्वारा सेवा में कमी कर आमजन को शुद्ध पेयजल से वंचित किया जा रहा है।

- सफेद हाथी बने दो वाटर एटीएम, लोगों को नहीं मिल रही सुविधा

नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के मद्देनजर तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा लोगों को नाम मात्र के दर में फिल्टर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 नग वाटर एटीएम लगाया गया था। पहला नया बस स्टैंड एवं दूसरा थोक सब्जी बाजार बुधवारी में स्थापित किया गया है। इन व्यस्ततम क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। प्रशासन की उदासीनता के परिणाम दोनो वाटर एटीएम पिछले साल भर से बंद पड़ा है। जिसके कारण जरूरत मंद नागरिक शुद्ध पेयजल हेतु महंगे बॉटल एवं जार खरीद कर पीने को मजबूर है। पूर्व शासन द्वारा 19 लाख रूपए की लागत से राइट वाटर साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नागपुर की कंपनी को एटीएम लगाने तथा सम्पूर्ण मेंटनेंस का दायित्व निर्धारित करने के बाद भी कंपनी के द्वारा सेवा में कमी कर आमजन को शुद्ध पेयजल से वंचित किया जा रहा है। इस पर नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। कंपनी द्वारा अनुबंध के अनुसार सेवा नहीं देने के कारण लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि गत 3 वर्षों से स्थापित केंद्र की पानी में मौजूद मिनरल एवं टीडीएस की जांच एवं जल की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी नहीं हो पाया है। विगत 2 वर्ष से वाटर एटीएम बंद है।

नागरिकों ने वाटर एटीएम का सही ढंग से संचालन किए जाने की मांग जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से की है। इस संबंध में नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह ने कहा कि कंपनी को करार के अनुसार नियमित रूप से वाटर एटीएम का संचालन करना चाहिए। इस संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।




बंद पड़ी वाटर एटीएम।

### अस्पतालों में बढ़ रही भीड़

**मुंगेली।** क्षेत्र में इन दिनों गर्मी की सर्दी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। सर्द-गर्म के संपर्क में आने से लोग सर्दी-खांसी से संक्रमित हो रहे है। खासतौर से गले में बनने वाली कफ परेशान कर रहा है। इसी वजह से इन दिनों सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पताल में सर्दी-खांसी के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। वही संक्रमित होने वाले को पूरी तरह से ठीक होने में 08 से 10 दिन तक का समय लग जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच सर्द-गर्म ने लोगों की दिक्कत बढ़ा दी है। हो यह रहा है कि गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पानी और ठंडे पदार्थ का सेवन ज्यादा कर रहे है। ऐसे में गर्म शरीर में ठंडा पदार्थ जाने से शरीर का तापमान एकदम से प्रभावित हो रहा है और लोग गर्मी की सर्दी से संक्रमित हो जा रहे है। इसी वजह से सिम्स और जिला अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में लोग सर्दी-खांसी की शिकायत लेकर पहुंच रहे है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. राय के मुताबिक इस तरह की सर्दी को ठीक होने में समय लगता है और सर्दी से संक्रमित धूप से आने के बाद तुरंत पानी या अन्य ठंडा पदार्थ का सेवन न करे। धूप से आने के बाद तुरंत कूलर और एसी में न जाएं। अत्यधिक ठंडे पानी का सेवन न करें। कसरत आदि करने के बाद तुरंत स्नान न करें। व्यक्ति का कफ ज्यादा बनता है जो उन्हें परेशान करता है। ऐसे में जरूरी है कि धूप से आने के बाद तत्काल पानी व अन्य ठंडे पदार्थ का सेवन न करे, इस तरह की गलती करने की वजह से इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। धूप में बाहर निकलते समय सिर व चेहरे को ढ़ंककर निकलें।

# तेंदुए का शिकार, पिता पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेंदुए का शिकार किए जाने के मामले में वन अमले की टीम ने तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण की बछड़े को तेंदुए ने मार गिराया था जिससे आक्रोश में आकर बछड़े में जहर मिला दिया गया था जिसे पुनः खाने से तेंदुए की मौत हो गई थी और उसके अंगों को काटकर ले गए थे। इस मामले में तीनों ग्रामीणों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात रहे कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 25 में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे एक तेंदुए को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा था। जहां तेंदुए की मौत की सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे जहां शिकारियों ने तेंदुआ का शिकार किया था और उसके महत्वपूर्ण अंगों को काटकर ले भागे थे। मामला सामने आने के बाद आला अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए डॉग स्क्वाड की टीम को बुलाया गया था लेकिन रात होने की वजह से कल कार्यवाही नहीं हो पायी थी। गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया गया जहां घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक बछड़ा मरा पाया गया। जिसे किसी वन्य प्राणी ने आधे से अधिक भाग खा लिया था। डॉग स्क्वाड की टीम आगे बढ़ते हुए घटनास्थल से लगभग 1 किलोमीटर दूर ग्राम भवरदा निवासी गोविंद उम्र 52 वर्ष पिता रामसिंह के घर जा धमका और फिर क्या था वन अमले की टीम ने गोविंद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके बछड़े को किसी वन्य जीव ने हमला कर मार दिया था । जिसकी वजह से वह आक्रोशित था और उसने अपने मृत बछड़े में फोरेट मिला दिया और जब तेंदुआ पुनः बछड़े का मांस खाने पहुंचा तो मांस खाने के कुछ ही क्षणों बाद उसकी मौत हो गई । जिसके बाद गोविंद सिंह व लाल सिंह पिता गोविंद सिंह और दर्रीपारा निवासी राम प्रसाद पिता इतवारी सिंह तेंदुए के अंग को काटकर ले भागे थे। इस मामले में वन विभाग ने तीनों आरोपियों को वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।




वन विभाग द्वारा पकड़े गए आरोपी।

**खास बातें**

- बछड़े को तेंदुए ने उतारा था मौत के घाट, जिससे आक्रोशित था ग्रामीण
- बछड़े में जहर मिलाकर तेंदुए का किया गया था शिकार

### एनटीपीसी में ली गई स्वच्छता की शपथ



स्वच्छता का शपथ लेते हुए एनटीपीसी के अधिकारी कर्मचारी।

**सीपत।** एनटीपीसी में 16 से 31 मई तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 16 मई को प्रचालन एवं अनुरक्षण के महाप्रबंधक अनिल शंकर शरण सीपीजी -2 के महाप्रबंधक श्रीजित कुमार के द्वारा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर की गई। समारोह के दौरान आयोजित की जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सफाई अभियान व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने विभिन्न विभागों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। कर्मचारियों, परिजनों एवं बच्चों के लिए निबंध, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने की दिशा में प्रयास किए जायेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधि तथा कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर स्वच्छता शपथ ली।

# झारखंड की तरक्की के लिए कमल खिलाना जरूरी: कौशिक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने 19 मई को होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा की सम्पूर्ण तैयारियों की समीक्षा पर चर्चा की और बिंदुवार विषय रखकर सबको जिम्मेदारियां सौंपी। साथ ही जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत बहरागोड़ विधानसभा के भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक ली। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

अपने जमशेदपुर प्रवास के चलते चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विकास का पहिया पूरी तरह थम गया है। तरक्की का पहिया तेज रफ्तार से चल सके इसलिए भाजपा सरकार लाना होगा। उन्होंने कहा, इस प्रचंड गर्मी में भी भाजपा के कार्यकर्ता जिस प्रकार राष्ट्र कार्य के लिए परिश्रम कर रहे हैं, उसका परिणाम समाज में सुशासन के रूप में मिलता है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कौशिक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन महीने पहले बनी भाजपा सरकार ने हर वह चुनावी वादा पूरा किया है जो हमने विधानसभा चुनाव के दौरान कहा था। भाजपा वादे नहीं गारंटी देती हैं। झारखण्ड के लोगों का हर वोट से राज्य में भाजपा के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। इस अवसर पर इस बैठक मे मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेई, पूर्व विधायक मस्तूरी डॉ कृष्णमूर्ति बांधी और जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते धरमलाल कौशिक।

### राष्ट्रीय प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में गढ़वट के चार बच्चों का चयन



**लखराम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गढ़वट के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 के लिए चयनित होकर विद्यालय सहित विकास खण्ड एवं जिला का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर में रोशन किया है। इस वर्ष चार विद्यार्थी इस योजना के लिए चयनित हुए है। प्रतिभावान चारों छात्रों के नाम शिवम निर्मलकर, धनंजय साहू, सुमन प्रजापति, स्वाति निर्मलकर है। जिनको तहत नवमी से बारहवीं तक हर माह एक-एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस परीक्षा में पूरे बिलासपुर जिला से जितने भी विद्यार्थी शामिल एवं चयनित हुए उसमें विद्यालय के शिवम निर्मलकर ने पूरे जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में बिलासपुर जिले से कुल 24 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमे से चार विद्यार्थी गवर्नमेंट मिडिल स्कूल छात्रों का हुआ चयन गढ़वट से है। विद्यार्थियों के चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिल्हा सुनीता ध्रुव, संकुल प्राचार्य श्रीमती शीला सिंह, प्रधान पाठक योगेश्वर पाटनवार, शैक्षिक समन्वयक चंद्रशेखर श्रीवास, मेंटर शिक्षक दुर्गेश देवांगन, विद्यासागर साहू, केवरा बाई धीवर सहित गांव के जन प्रतिनिधियों शाला विकास समिति के सदस्यों, पालकों, सहपाठियों आदि ने उन्हें प्रोत्साहित किया।

### लाटरी से हुआ पहली कक्षा के छात्रों का चयन



**तखतपुर।** सेजेस में प्रवेश के लिए लाटरी निकालकर कक्षा पहली के लिए छात्रों का चयन किया गया। इस दौरान उपस्थित पालकों के द्वारा ही लाटरी निकाला गया। लाटरी प्रक्रिया का सम्पन्न करने के लिए नोडल अधिकारी व सेजेस सकरी प्राचार्य डां संध्या तिवारी, बीईओ जितेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। सेजेस तखतपुर में नवीन सत्र के लिए प्रवेश हेतु आनलाइन और आफलाइन दोनों आवेदन लिए गए थे और प्राप्त दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। कक्षा पहली के लिए 66 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से दो आवेदन रिजेक्ट हुआ। प्राचार्य सेजेस मौसमी राबिंसन ने बताया कि कक्षा पहली में 50 सीट उपलब्ध है और इसके लिए 66 आवेदन मिले थे। इसमें से 50 बच्चों के लिए भर्ती के लिए लाटरी निकाली गई। प्रवेश के लिए बीपीएल कन्या 7, बालक के लिए 6 सीट तथा सामान्य कन्या 18, सामान्य बालक के लिए 19 सीटों पर प्रवेश के लिए चीट निकाली गई। लाटरी निकालने के लिए पूर्व से ही पालकों को सूचना दी गई थी तथा जिला कार्यालय की ओर से उसके नोडल अधिकारी तय किए गए थे। जिनकी उपस्थिति में चीट निकालने की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। इस अवसर पर बीईओ जितेंद्र शुक्ला, संध्या तिवारी, श्रीकांत मिश्रा, पंकज सिंह, श्वेता पाण्डेय, रितू सहित पालक उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले का नोटिस**

क्रमांक/क/तह./वाचक/2024
बिलासपुर, दिनांक 15.04.2024

एतद् द्वारा श्रीमति शैलेन्दी पति सतीश शर्मा निवासी चांटीडीह बिलासपुर निवासी चांटीडीह को सूचित किया जाता है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 561/6 में से रकबा 1100 व.फू. एकड़/हेक्टेयर भूमि की नामांतरण के लिए श्री संतोष कुमार साहू पिता स्व. शत्रुहन साहू निवासी मेनरोड चांटीडीह द्वारा आवेदन किया गया ।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 11.06.2024 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 11.06.2024 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेंगे।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 60 उस्लापुर, तहसील-सकरी**
**// सीमांकन सूचना//**

प्रति दिनांक 15/05/24

सर्वश्री 1. श्रीमती गीता बांधड़े पति रामप्रसाद बांधड़े आवेदक 2. श्रीमती बसंती सेठ पति निलफर 3. प्रीती तिवारी पति आदर्श तिवारी 4. महेश जांगड़े पिता रघुनंदन प्रसाद 5. मो. राहिल अली पिता मो. रहमत अली 6. लखन देव बघेल पिता ए.आर. बघेल 7. राधा देवी पति विजेंद्र लाल यादव 8. अलख राम पिता प्यारेलाल गेंदले 9. अन्य समीपस्थ भूमि स्वामी

विषय : सीमांकन / बटांकन में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ - न्यायालय अति./गा तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 04/01/24

संदर्भीत विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उस्लापुर पहन 60 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 409/3 रकबा 0.018 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्रीमती गीता बांधड़े पति राम प्रसाद बांधड़े निवासी जरहाभाठा इंदु चौक बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन / स्थल निरीक्षण दिनांक 24/05/24 को लगभग 11 से 5 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा।

अतः सूचना जाने।

पटवारी प.ह.न. 60
रा.नि.म. व तहसील सकरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. Q दिनांक 15/4/2024 के अनुसार आवेदक मुकुन्द पिता धर्मपाल गुप्ता निवासी धनगांव द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 196/4, 200/1, 200/2 रकबा 0.761, 0.699, 0.312 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 23/5/2024 को 11 बजें किया जायेंगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्री विकास गुप्ता, 2. श्री वर्तिका गुप्ता, 3. श्री डॉ. विनय गुप्ता, 4. श्री अंकिता गुप्ता, 5. श्री सुमित गुप्ता, 6. श्री विजय गुप्ता, 7. श्री अमित गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. Q दिनांक 15/4/2024 के अनुसार आवेदक मुकुन्द पिता धर्मपाल गुप्ता निवासी धनगांव द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 201, 204, 212 रकबा 0.859, 2.104, 0.445 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 23/5/2024 को 11 बजें किया जायेंगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्री विजय गुप्ता, 2. श्री सुमित गुप्ता, 3. श्री सविता गुप्ता, 4. श्री सरोज गुप्ता, 5. श्री शोभा गुप्ता, 6. श्री विनय गुप्ता, 7. श्री विकास गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. Q दिनांक 15/4/2024 के अनुसार आवेदक मुकुंद पिता धर्मपाल गुप्ता निवासी धनगांव द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 290/3, 291/4 रकबा 2.468, 0.081 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 23/5/2024 को 11 बजें किया जायेंगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्री विनय गुप्ता, 2. श्री विजय गुप्ता, 3. श्री विकास गुप्ता, 4. श्री गिरजाबाई, 5. श्री अंजोरी, 6. श्री अमित, सुमित गुप्ता, 7. श्री सविता, शोभा गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. Q दिनांक 15/4/2024 के अनुसार आवेदक मुकुंद पिता धर्मपाल गुप्ता निवासी धनगांव द्वारा ग्राम धनगांव प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 211/4, 214/1, 216/5 रकबा 0.624, 2.582, 0.595 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 23/5/2024 को 11 बजें किया जायेंगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्री विनय गुप्ता, 2. श्री विकास गुप्ता, 3. श्री अंकिता गुप्ता, 4. श्री विजय गुप्ता, 5. श्री सुमित गुप्ता, 6. श्री अमित गुप्ता, 7. श्री वर्तिका गुप्ता एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रा.)

**आम सूचना का खण्डन**

मेरा पक्षकार श्री अश्वनी यादव पिता स्व. हरिचरण यादव निवासी विनोबा नगर बिलासुपर तहसील एवं जिला बिलासपुर मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.-36 रा.नि.मं. तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 723/208 (शामिल नं. 723/209) रकबा 0.12 एकड भूमि का स्वामी एवं आधिपत्यधारी है उक्त भूमि का विधिवत पंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से श्रीमति उर्मिला उर्फ सुधा चौहान पति महादेव निवासी बिनोबा नगर बिलासपुर को पूर्ण प्रतिफल भुगतान कर क्रय कर रा.प्र.क्रं. 202112072500141/ अ-6/2021-22 में पारीत आदेश दिनांक 13/9/2022 को नामांतरण दर्ज कराते हुए निर्बाध मौके पर एवं संपूर्ण राजस्व अभिलेखो में दर्ज चले आ रहा है। उक्त भूमि का विधिवत सीमांकन ई रा.प्र.क्रं. 202202072500122/अ-12/2021-22 में दिनांक 25/2/2022 को संपादित करते हुए अविवादित सीमांकन प्रतिवेदन की प्रतिहस्ताक्षरित प्रति प्रदाय किया गया है।

मेरे पक्षकार के उक्त भूमि के संबंध में श्री मनीष वर्मा अधिवक्ता द्वारा दैनिक समाचारपत्र हरिभूमि दिनांक 25/4/2024 में अपने पक्षकार सुखवंत सिंह आत्मज जोगेन्दर सिंह निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर से अधिकृत होकर पूर्णतः असत्य एवं काल्पनिक तथ्यों पर आधारित आम सूचना प्रकाशित किया गया है जबकि उपरोक्तानुसार मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.-36 रा.नि.मं. तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 723/208 (शामिल नं. 723/209) रकबा 0.12 एकड एकमात्र मेरे पक्षकार के स्वत्व एवं आधिपत्य की होकर कोई विवाद नही है और अपनी इच्छा/आवश्यकता के अनुरूप उपयोग उपभोग करने स्वतंत्र एवं अधिकारवान है जिसके लिए यह आम सूचना का खण्डन प्रकाशित किया जा रहा है। दिनांक 16/5/2024

ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 83194-33844
9300350288

**न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

वि.दां.क्र. MJC 462/2023
आदेश दिनांक 06.05.2024
पेशी दिनांक 06.06.2024
प्रोसेस क्र. -369/2024

श्रीमती प्रीति प्रति चंद्रभान बंधे उम्र 26 वर्ष वर्तमान निवासी द्वारा रेवाराम कौशिक पिता बिसाहूराम कौशिक, गणेश नगर तिफरा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) .........आवेदिका

**विरूद्ध**

चंद्रभान बंधे पिता त्रिवेदी बंधे उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी - बरछा पोस्ट-लौदा तहसील - पथरिया जिला - मुंगेली (छ.ग.) .अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती प्रीति ने अनावेदक के विरूद्ध धारा-125 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता वास्ते भरण-पोषण बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 06.06.2024 को है। अनावेदक चंद्रभान बंधे पिता त्रिवेदी बंधे उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी-बरछा पोस्ट-लौदा तहसील - पथरिया जिला - मुंगेली (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 06.06.2024 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 06.06.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी

अतः आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांकः- 14.05.2024
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)

निरंजन लाल चौहान
द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथपत्र**

मैं, प्रदीप कुमार सरकार ( Pradeep Kumar Sarkar) पिता बिपुल बिहारी सरकार (Bipul Bihari Sarkar) उम्र 64 वर्ष लगभग निवासी- ई-201, एटमोसफेयर, लोयोला स्कूल रोड, लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूँ तथा निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर रहता हूँ तथा मेरा आधार न. 3174 6580 5589 है। 2. यह कि, मेरी पुत्री बिपाशा सरकार के पासपोर्ट क्रमांक F 5115367 में मेरा नाम प्रदीप सरकार (Pradeep Sarkar) दर्ज है जो त्रुटी पूर्ण है। 3. यह कि, मेरे उक्त आधार कार्ड न. 3174 6580 5589 में मेरा नाम प्रदीप कुमार सरकार (Pradeep Kumar Sarkar) - पिता बिपुल बिहारी सरकार (Bipul Bihari Sarkar) दर्ज है जो सही व सत्य है। 4. यह कि प्रदीप सरकार ( Pradeep Sarkar) व प्रदीप कुमार सरकार ( Pradeep Kumar Sarkar) मेरे ही नाम है। अर्थात दोनों एक ही व्यक्ति है। 5. यह कि, यह शपथपत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित की हूँ जो सही व सत्य है।

शपथकर्ता
प्रदीप कुमार सरकार

सत्यापन

मैं, प्रदीप कुमार सरकार (Pradeep Kumar Sarkar), उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक की समस्त बाते मेरे स्वतः की जानकारी में सही व सत्य है जिसे आज दिनांक 16/05/2024 को स्थान बिलासपुर में पढकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता
प्रदीप कुमार सरकार

**शपथपत्र**

मैं, मौसमी सरकार ( Mausami Sarkar) पति प्रदीप कुमार सरकार (Pradeep Kumar Sarkar) उम्र 55 वर्ष लगभग निवासी-ई-201, एटमोसफेयर, लोयोला स्कूल रोड, लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ तथा निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर रहती हूँ तथा मेरा आधार न. 9177 6385 1918 है। 2. यह कि, मेरी पुत्री बिपाशा सरकार के पासपोर्ट क्रमांक F 5115367 में मेरा नाम मौसमी सरकार (Mausmi Sarkar) दर्ज है जो त्रुटी पूर्ण है। 3. यह कि, मेरे उक्त आधार कार्ड न. 9177 6385 1918 में मेरा नाम मौसमी सरकार (Mausami Sarkar) पति प्रदीप कुमार सरकार (Pradeep Kumar Sarkar) दर्ज है जो सही व सत्य है। 4. यह कि मौसमी सरकार (Mausmi Sarkar) व मौसमी सरकार (Mausami Sarkar) मेरे ही नाम है। अर्थात दोनों एक ही व्यक्ति है। 5. यह कि, यह शपथपत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित की हूँ जो सही व सत्य है।

शपथकर्ता
मौसमी सरकार

सत्यापन

मैं, मौसमी सरकार ( Mausami Sarkar), उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक की समस्त बाते मेरे स्वतः की जानकारी में सही व सत्य है जिसे आज दिनांक 16/05/2024 को स्थान बिलासपुर में पढकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

शपथकर्ता
मौसमी सरकार

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सत्यभामा पानडल पति स्व. रमेश कुमार निवासी-अमेरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 112/3 रकबा 3250 वर्गफुट स्वामित्व की भूमि है जो क्रय के द्वारा प्राप्त हुआ है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में पूर्व भूस्वामी का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.स. की धारा 115 के तहत आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 31/05/20 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग**
**सूचना-पत्र**

कमांक/क/सीमांकन/रा.नि./2024
जूना बिलासपुर दिनांक 16/05/2024

प्रति, 1. डॉ सुरेन्द्र नाथ दुबे पिता डॉ. एस.एन. दुबे (आवेदक) 2. श्री सुनील शुक्ला (समीपी भूमिस्वामी) 3. श्री खान जी (समीपी भूमिस्वामी) 4. सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार विषय- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्। संदर्भ- न्यायालय अति तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन कमांक/क/तह/वा./2024 बिलासपुर दि. 26.02.24 उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक डॉ सुरेन्द्र नाथ दुबे पिता डॉ. एस.एन.दुबे निवासी जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 22/25 रकबा 0.1130हे. भूमि का छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 07/06/2024 को समय 10.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। टीप - आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

संतोष कुमार देवांगन
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

16 MAY -BSP- pg-5_Layout 1 5/17/2024 12:58 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### नृत्यधारा की टीम ने किया पद्मश्री रामलाल बरेठ का सम्मान



**बिलासपुर।** नृत्य धारा एवं वेस्ट जोन डांस अकेडमी की ओर से रायगढ़ कथक घराने को ऊंचाई पर पहुंचाने वाले और राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री से अलंकृत रामलाल बरेठ का सम्मान उनके निवास स्थान पर जाकर किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नृत्यांगना कु. आंचल पांडेय निर्देशिका नृत्य धारा ने अपने कथक शिष्याओं के साथ शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित डॉ विनय कुमार पाठक ने उनके इस अभिनव सम्मान को छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा और बताया कि आगामी 23 जून को तुलसी साहित्य अकादमी की प्रांतीय इकाई के वार्षिक समारोह में उनका अभिनंदन प्रस्तावित है। इस अवसर पर रोशन गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अग्रहरि समाज, नृत्य धारा की शिष्या उदिति कौशिक, एंजल साव, संस्कृति पांडेय, रुचि देवांगन, श्रुति देवांगन, केसर रजक, प्रकृति मिश्रा, अनन्या साव , तापसी गुप्ता उपस्थित रहे।

### चीफ पोस्ट मास्टर जनरल वीणा ने डाक कर्मियों को सम्मानित किया



**बिलासपुर।** राजधानी रायपुर में आयोजित एक सम्मान समारोह में बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने वाले डाक कर्मियों को छग डाक परिमंडल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल वीणा एन श्रीनिवासन ने सम्मानित किया है। प्रधान डाकघर बिलासपुर की जनसंपर्क निरीक्षक सुनीता द्विवेदी ने बताया कि समारोह में बिलासपुर संभाग के पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस में, ग्रामीण पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस समेत हर कार्य में बेहतर कार्य किया गया है। इसके लिए बिलासपुर के अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद, रवि साहू, मुकुंद माधव महतो, अविनाश दुबे व निवेदिता शुक्ला को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पारूल श्रीवास्तव, सुमित कुमार सिंह व संध्या राजपूत को भी सम्मानित किया गया। बिलासपुर संभाग के अधीक्षक को विविध सेवाओं से संबंधित खाता खोलने में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बिलासपुर संभाग के पोस्ट मास्टर दीपक राही, कोरबा के पोस्ट मास्टर विजय कुमार दुबे, बालको नगर की पोस्ट मास्टर प्रिया चौहान, सक्ती के सब पोस्ट मास्टर बिहारी लाल गोंड, मस्तूरी के बीपीएम राजेश पांडेय, बिलासपुर मुख्य डाकघर के अभिकर्ता सतपाल सिंह को सम्मानित किया गया।

### डॉ शीला, डॉ सुषमा शिक्षक एवं कला प्रतिभा सम्मान से सम्मानित



**बिलासपुर।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 11 मई को रायपुर में कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य स्तर के शिक्षकों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। बिलासपुर जिले की राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पौंसरी बिल्हा, बिलासपुर की नवाचारी शिक्षिका डॉ शीला शर्मा, आनंद सागर सेवा प्रवाह समिति की संचालिका डॉ सुषमा पंड्या, बाबूलाल पंड्या को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानि किया गया है।



गुरुवार को डीपीएस स्कूल से सीयूईटी की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक

# लापरवाही पर अधिकारियों को कलेक्टर ने थमाया नोटिस, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग में संचालित राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। जिले भर के स्वास्थ्य अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर अवनीश शरण ने सीजीएमएससी के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और उनके काम करने के तरीके पर नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की हिदायत दी है।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में मोतियाबिन्द मुक्त अभियान चलाए जाने की बात कही। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंथन सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की। उन्होंने आचार संहिता समाप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर जननी सुरक्षा योजना के प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है, अधिकारियों ने उन्हें राशि आबंटन होने की जानकारी भी दी। स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं के निर्माण में लापरवाही बरतने पर सीजीएमएससी के ईई एवं सब इंजीनियर को शो कॉज नोटिस किया गया है। करीब 3 घंटे तक चली इस बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।



स्वास्थ्य अफसरों की बैठक लेते कलेक्टर अवनीश शरण।

श्री शरण ने पीएचसी और सबहेल्थ सेंटर में प्रसव की संख्या कम होने पर नाराजगी जाहिर की और पीएचसी में हर महीने कम से कम 10 एवं सब हेल्थ सेन्टर में 3 प्रसव कराने के निर्देश दिए। वहीं जिन अस्पताल में व्यवस्थाओं की कमी है, उसे जल्द से जल्द पूरा करने सीएमएचओ को निर्देशित किया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सोनोग्राफी सेन्टरों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए है और नियमों का पालन नहीं करने वाले नर्सिंग होम्स पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए है। इसके साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट के निपटारे में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को तलब किया है।

डॉक्टरों और कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने और मौसमी बीमारियों पर निगरानी रखने का आदेश भी दिया है। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीएमओ, डीपीएम-बीपीएम, एवं डॉक्टर्स उपस्थित थे।

## एजुकेशन प्लस

### महर्षि विद्या मंदिर मंगला के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में फहराया परचम

**बिलासपुर।** बोर्ड परीक्षाओं के घोषित क्लास 10 वीं व 12वी के परिणामों में महर्षि विद्या मंदिर मंगला के विद्यार्थियों ने उच्च अंकों से सफलता प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 12 के विद्यार्थियों में अश्मित कुमार 95%, आशि यादव 94.6% राघव कुमार शर्मा 94.2%, भावनी खरे 93.2% अदिति झा 92.8%, नूतन ओहधर,91.6%, भूमिका सिंग सोलंकी 89.8% प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 10 वी. के विद्यार्थियों में






महिमा कुशवाहा 95% ,अनन्या शर्मा, 94.6% ,भूमि जायसवाल 94.6%, अथर्व दीक्षित 93.6%, शिखर शर्मा 93.2% ,प्रणव कुशवाहा 92.6%, आर्यन चतुर्वेदी 92.2%, सुदीप्ति शर्मा 91.8%, निशिता टंडन 91,.6% अनिरूद्ध सिंह 90.6%, रंजन कुमार लम्बा 90.4% अंक प्राप्त किया है। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। महर्षि विद्या मंदिर में इस सत्र के लिए नर्सरी से 9 वीं तथा 11 वीं तक प्रवेश के लिए सीमित सीट उपलब्ध है।

### डीएवी की अनन्या ने पाया सर्वोच्च अंक



**बिलासपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12 वीं के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल वसंत विहार गणित संकाय की छात्रा अनन्या गुरु दिवान ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अपने माता पिता अजय प्रीति गुरुदिवान का राम रौशन किया है। उनकी इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।

### शांति निकेतन पब्लिक स्कूल 80% अंक पाने वाले छात्रों का करेगा सम्मान

**बिलासपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल ने सत्र 2023-24 के लिए संस्था के ऐसे छात्र छात्राए जो 10 वीं व 12 वीं सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक या इससे अधिक प्रतिशत पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

संस्था के प्राचार्य ने बताया कि ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा आगामी कक्षा में प्रवेश के लिए फीस में 50 प्रतिशत छूट दिया जाएगा। राज्य स्तर पर सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 10 वीं व 12 वीं के पूरक एवं अनुत्तीण छात्र-छात्राओं को निःशुल्क 2 माह मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए क्लास सुबह 8 से 11 बजे तक लगेगी। संबंधित छात्रों को अपनी अंकसूची, पासपोर्ट साइज फोटो 1, आधार कार्ड की प्रति देनी होगी।

## छग के इमर्जिंग खिलाड़ियों की सूची जारी, अंडर 14 में अयानवीर शामिल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ को जबसे रणजी ट्रॉफी की मान्यता मिली है। संघ द्वारा हर वर्ष छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को इमर्जिंग खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया जाता है। इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने वाली की सूची छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने जारी की है।

जारी सूची में अंडर 14 से लेकर सीनियर खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर शामिल किया गया है। इसमें अंडर 14 के लिए बिलासपुर जिले अयानवीर का नाम शामिल है। अयानवीर सिंह भाटिया इस पुरी सीजन जिले से लेकर छत्तीसगढ़ तक के लिए खेलते हुए जबरदस्त आल राउंड प्रदर्शन किया था। उनके इस साल हुए क्रिकेट सीजन में शानदार प्रदर्शन पर संघ से लेकर जिले के चयनकर्ताओ को अचंभित किया। बताते चले की आयानवीर ने हाल ही में हुए राजसिंह डुंगूर ट्रॉफी अंडर 14 टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के लिए सर्वाधिक रनों का योगदान दिया था। अयानवीर सिंह भाटिया ने उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड राज्य के खिलाफ हुए में मैच में अपनी टीम के लिए



मुश्किल समय में जबरदस्त पारियां खेली। साथ ही जब बॉलिंग का मौका मिला उन्होंने अपनी खब्बू गेंदबाजी से टीम को सफलता दिलाई। आयानवीर सिंह भाटिया बिलासपुर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के खिलाडी हैं। वे शुरू से ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी रहे हैं। खेल के हर फिल्ड में उन्होंने अपनी खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, इसी का परिणाम है कि उनका चयन अंडर 14 में किया गया।






## आई पी एस गुरुकुल महाविद्यालय, बेलटुकरी, गनियारी

### विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

**विज्ञापन क्रमांक IPS - 04/2024**

सत्र 2017-18 से छ.ग. शासन से अनुमति एवं अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से सम्बंद्धता प्राप्त आई.पी.एस. गुरूकुल महाविद्यालय बेलटुकरी, गनियारी, बिलासपुर (छ.ग.) में निम्नलिखित विभिन्न रिक्त पदों पर विश्वविद्यालय परिनियम-28 के तहत योग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित है। आवेदक अपना सम्पूर्ण बायोडाटा, ई-मेल एड्रेस, फोटोग्राफ एवं सम्पूर्ण प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ आवेदन विज्ञापन प्रकाशन होने के 30 दिवस तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर, कार्यालय प्राचार्य, आई.पी.एस. गुरूकुल महाविद्यालय, बेलटुकरी, गनियारी बिलासपुर (छ.ग.) पिन. नम्बर 495112 के पते पर प्रेषित करें । पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर जिन आवेदकों ने आवेदन दिया है, वे अपनी सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ पुनः आवेदन करें। अधिक जानकारी दूरभाष क्रमांक 9329918653, 54, 9300668595 से प्राप्त करें ।

| क्रं. | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य :- ( 01 पद) | सहायक प्राध्यापक/वरिष्ठ प्राध्यापक पद पर अध्यापन/ शोध कार्य का 15 वर्ष के अनुभव के साथ, पी.एच.डी. डिग्री। (विवरण हेतु यू.जी.सी. वेब साइट का प्रयोग करें) |
| 2. | सहायक प्राध्यापक :- (प्रत्येक विषय में ( 01 पद ) (विषय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, जन्तु विज्ञान, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, वाणिज्य संकाय, कम्प्यूटर विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, योगा विज्ञान, | अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि साथ में नेट/ स्लेट/सेट उत्तीर्ण अथवा सम्बधित विषय में विनियमन 2009 के अनुसार पी.एच.डी. डिग्री। ( विवरण हेतु यू. जी.सी. वेब साइट का उपयोग करें) |
| 3. | सहायक प्राध्यापक :-ग्रथांलय विज्ञान। ( 01 पद ) | उपरोक्त क्रमांक - 2 की योग्यता के साथ ग्रंथालय विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि। (एम. लिब.) |
| 4. | क्रीडा अधिकारी ( 01 पद) | उपरोक्त क्रमांक - 2 की योग्यता के साथ सम्बंधित विषय फिजिकल एडुकेशन में स्नातकोत्तर उपाधि (M.P.ed) । |
| 5. | तृतीय वर्ग कर्मचारी ( 02 पद ) | परिनियम-28 के तहत योग्यता एवं कम्प्यूटर कार्य में दक्षता। |
| 6. | चतुर्थ वर्ग कर्मचारी (04 पद) | परिनियम-28 के तहत आवश्यक योग्यता । |



### जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

**बिलासपुर।** जिले में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला कार्यालय परिसर से डेंगू के नियंत्रण एवं बचाव के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी सुश्री पी. मजूमदार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कृष्णा कुमारी, जिला सलाहकार एवं जिला मलेरिया कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे। सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने बताया कि डेंगू बीमारी एडीज नामक मच्छर के काटने से होती है। ये एडीज मच्छर दिन के समय काटते हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षणों में अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द होता है। जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है।

16 MAY -BSP- pg-6-0_Layout 1 5/17/2024 12:49 AM Page 1



# दो लाख से अधिक गैस कनेक्शन हो सकते हैं ब्लॉक, सब्सिडी भी नहीं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलेंडरों की सब्सिडी पाने के लिए लोगों को गैस एजेंसियों में जाकर हर हाल में 31 मई तक अपना सत्यापन करवाना ही होगी। तय समय के बाद भी केवाईसी नहीं कराने वालों के गैस कनेक्शन भी ब्लॉक हो सकते हैं।

केंद्र सरकार की ओर से पिछले साल से यह काम जारी है, लेकिन बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने का काम अभी भी 40 फीसदी पूरा नहीं हुआ है, इसलिए खाद्य विभाग और पेट्रोलियम कंपनियों ने लोगों से कहा कि केवाईसी करवा लें। इसके बाद सत्यापन कराने वालों को कई तरह की परेशानी होना तय है। जिले की बात करें तो 2 लाख कनेक्शनधारियों ने अभी तक केवाईसी नहीं कराई है। इनका कनेक्शन ब्लाक हो सकता है तो सब्सिडी भी नहीं मिलेगी। पेट्रोलियम कंपनियों ने साफ कर दिया है कि इस काम को गंभीरता से लें, नहीं तो जून से सिलेंडर मिलने में दिक्कत आएगी। ज्ञात हो कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने पिछले साल नया आदेश जारी कर कहा था कि जिन लोगों के नाम से सिलेंडर है उन्हें गैस एजेंसी में जाकर बताना होगा कि सिलेंडर लेने वाले वहीं हैं। पहले इसके लिए समय सीमा तय नहीं की गई थी, लेकिन अब 31 मई 2024 तक का समय दिया गया है।

■ **गैस एजेंसी में जाकर बताना होगा की कनेक्शन लेने वाले वही हैं**

इस सत्यापन के लिए लोगों से उनका आधार कार्ड मंगवाया जा रहा है। गैस एजेंसियों को ई-केवाईसी करने के लिए मशीन भी दी गई है। इसमें उन लोगों को अंगूठे का निशान लगाना है जिनके नाम से गैस कार्ड है। केंद्र सरकार की ओर से जारी नए नियम के अनुसार जो लोग ई-केवाईसी नहीं कराएंगे उन्हें सस्ता सिलेंडर या सिलेंडर में मिलने वाली सब्सिडी नहीं मिलेगी। इसलिए किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए तुरंत केवाईसी करवाने कहा गया है।

## एजेंसी जाकर बताना होगा सिलेंडर लेने वाला मैं ही हूं

### फर्जी कनेक्शन होंगे ब्लाक

खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार के नए नियम से फर्जी दस्तावेज देकर सिलेंडर लेने वालों के सिलेंडर ब्लाक हो जाएंगे। उनकी आनलाइन बुकिंग ही नहीं होगी। नए नियम के तहत यह साफ हो गया है कि किसी भी घर में एक ही नाम से दो से ज्यादा सिलेंडर हैं तो दूसरा सिलेंडर ऑटोमेटिक ब्लाक हो जाएगा। यानी एक घर में एक नाम से केवल एक ही सिलेंडर होगा। खाद्य विभाग के मुताबिक केंद्र सरकार ऐसे सभी कनेक्शन को ब्लाक करना चाहती है जो अवैध तरीके से लिए गए हैं। ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए ही केंद्र सरकार ने यह नियम लागू किया है। इसके अलावा एक ही घर में कई सिलेंडर रखने वालों पर भी सख्ती होगी। ऐसे कनेक्शनों की जांच के लिए भी गैस एजेंसियों से कहा गया है।

### इस तरह से मिलती है सब्सिडी

उज्वला योजना के तहत बीपीएल सदस्य के खाते में 372 और आम लोगों को 61 रुपए सब्सिडी के तौर पर वापस मिलते हैं। उज्वला योजना वालों को भी गैस एजेंसियों में जाकर अपना सत्यापन करवाना है। इसके लिए उन्हें गैस उपभोक्ता नंबर, एड्रेस प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, लीज एग्रीमेंट, वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज के अलावा एक प्रमाण पहचान प्रमाण पत्र के तौर पर आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राज्य या केंद्र द्वारा जारी किया गया कोई भी आइडेंटी कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस की फोटो कापी जमा करनी होगी।

### इस तरह होगी ई-केवाईसी

- अपनी गैस एजेंसी से ई-केवाईसी का आवेदन प्राप्त करना है
- सभी दस्तावेजों की फोटो कॉपी के साथ वापस जमा करना है
- एजेंसी वाले आपके फिंगर प्रिंट्स को स्कैन कर केवाईसी करेंगे
- उज्जवला कनेक्शन वालों के लिए भी यह जरूरी किया गया है

### कालाबाजारी कम होगी

बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवाने का बड़ा फायदा यह होगा कि सिलेंडरों की होने वाली कालाबाजारी बहुत हद तक कम हो जाएगी। जिससे जरूरतमंद लोगों को सही समय पर सिलेंडर मिलेगा। केवाईसी के लिए कनेक्शनधारियों को कहा जा रहा है।
- अनुराग सिंह भदौरिया, खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### रुपए की मांग करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पेट्रोलपंप में कर्मचारी पर नकली पिस्टल तानकर अवैध रूप से पैसे की मांग करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 14 मई को सोशल मीडिया में अशोकनगर आरके पेट्रोल पंप में बेखौफ बदमाशों के द्वारा कर्मचारियों को पिस्टल तानकार धमकी देने का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा था। युवक कमर में पिस्टल रखते नजर आ रहे थे। फुटेज देखने के बाद पुलिस पेट्रोलपंप पहुंचकर कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली। मैनेजर जोगी आवास निवासी धनेश चतुर्वेदी पिता रामखिलावन ने रिपोर्ट लिखाई दोपहर 12.30 बजे प्रकाश अपने साथी के साथ बाइक से पेट्रोलपंप आया और शराब पीने के लिए 1500 रूपए की मांग करने लगा। सेल्समैन शिव यादव ने पैसा देने से मना किया उसके साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की कर मारपीट की गई। मैनेजर श्री चतुर्वेदी केबिन से बाहर आए तो प्रकाश देशी पिस्टलनुमा हथियार अपने कमर से निकालकर डराने धमकाने लगा। पुलिस ने पतासाजी कर अशोक नगर निवासी प्रकाश निर्मलकर पिता संजय निर्मलकर 21 साल, कुलदीप पाण्डेय उर्फ टंगडा पिता प्रदीप पाण्डेय 21 साल को पकड़ लिया है। दोनों प्लास्टिक की देशी पिस्टल से कर्मचारियों को डरा धमका रहे थे। वारदात के बाद उसे तोड़कर फेंक दिए थे। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर धारा 327, 294, 323, 34 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाउंड्रीवाल तोड़कर जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने बाउंड्रीवाल तोड़कर लिपिक के घर में धावा बोल दिया। घरवाले सोते रहे चोर उनके बेडरूम के आलमारी से नकद रकम व जेवर चोरी कर आसानी से भाग गए और उन्हें भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। चकरभाठा टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया, रामावैली निवासी संतोष कुमार साहू कोर्ट में लिपिक है। बुधवार की रात भोजन करने के बाद बेडरूम में सो गए। बगल के रूम में उनका बेटा सो रहा था। देर रात चोर बाउंड्रीवाल तोड़कर अंदर घुस गए और बेडरूम की आलमारी से सोने का टाप्स व 45 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए और उन्हें भनक तक नहीं लगी। गुरूवार की सुबह वह सोकर उठे तब चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर कालोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। जिसमें कालोनी में दो संदिग्ध युवक घूमते नजर आ रहे हैं। फुटेज के आधार पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### कपड़ा निकालने को लेकर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** टूटी दुकान के मलबा से कपड़ा निकालने को लेकर एक युवक के साथ तीन चार युवकों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 15 मई को नगर निगम के द्वारा इमलीपारा रोड में दुकानों की तोड़फोड़ की थी, जिसमें ठेकेदार के द्वारा बहतराई अटल आवास निवासी प्रशांत नन्हेट पिता मूलचंद उसकी ड्यूटी लगाई गई थी। रात 8.35 बजे मलवा में पुराना कपड़ा दबा हुआ था। उसको निकालने को लेकर प्रशांत के साथ अज्ञात 3 से 4 युवकों ने हाथ मुक्का लाठी से जमकर मारपीट कर दी।

## यात्रियों और ठेकेदार के कर्मचारी के बीच रोजाना हो रहा विवाद

# स्टेशन के पार्किंग में खड़े वाहनों को कर रहे लॉक, ठेका कर्मी जबरिया वसूल रहे राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


बिलासपुर स्टेशन स्थित वाहन स्टैण्ड में रखी बाइक।

नो पार्किंग में चालान काटने का अधिकार रेलवे ने आरपीएफ को दिया है, लेकिन बिलासपुर स्टेशन के नो पार्किंग में खड़े वाहनों में इन दिनों आरपीएफ की आड़ में ठेका कर्मी भी ताला लगा रहे हैं।

व्हील लॉक की जगह चेन से वाहनों को बांधा जा रहा है। ऐसे में स्टेशन से अपने परिजन को छोड़ बाहर आने पर वाहन में चेन लगा देख वाहन चालक और ठेका कर्मी के बीच रोजाना विवाद हो रहा है। कई बार विवाद इतना बढ़ जा रहा कि मामला रेलवे अफसरों तक पहुंच रहा है। इसके अलावा आरपीएफ की आड़ में ठेका कर्मी भी वाहनों को लॉक कर बेजा वसूली कर रहे हैं, जो अब अधिकारियों के लिए भी सिर दर्द बन चुका है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में रिश्तेदारों व परिचितों को छोड़ने आने वाले 5-10 मिनट के लिए पार्किंग शुल्क न देकर गेट नंबर एक से लेकर चार तक सड़क किनारे कई जगहों पर नो-पार्किंग में ही वाहन खड़े कर रहे हैं। ऐसे में दो-तीन मिनट में ही इन वाहनों को चेन से बांधकर ताला लगाया जा रहा है। जिससे स्टेशन में पार्किंग को लेकर विवाद बढ़ रहा है।

### पार्किंग कर्मियों से लोग परेशान

रेलवे स्टेशन के पार्किंग कर्मचारियों से इन दिनों लोग परेशान है। यहां पहले भी कई विवाद के मामले सामने आ चुके हैं। हाईकोर्ट ने भी यहां की व्यवस्था को लेकर फटकार लगाई है। ड्राप-एंड-गो सिस्टम भी सही नहीं है। ऐसे में अब यहां स्टेशन के बाहन महज 4-5 मीनट में ही नो-पार्किंग की गाड़ियों में चेन से ताला मारने का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में पार्किंग कर्मचारी भी मनमानी कर रहे हैं। 5 मिनट पार्किंग में वाहन रखने तक के पैसे वसूल रहे हैं, जिसके कारण बिलासपुर स्टेशन के पार्किंग में भी विवाद होने लगा है।



स्टैंड के ठेका कर्मचारियों ने वाहनों पर लगाए लॉक।

### लॉक सिस्टम की कमी इसलिए चेन बांध रहे

नो-पार्किंग में खेड़े वाहनों पर चालान की कार्रवाई आरपीएफ के जवान ही करते है। पर्याप्त मात्रा में लॉक सिस्टम नहीं होने के चेन और ताला ताला से भी लॉक किया जाता है। आरपीएफ के अलावा किसी अनजान के द्वारा यदि चेन लगाया जा रहा तो उन्हें पैसा बिल्कुल न दें। नो-पार्किंग में यदि वाहन में चेन ताला लगा मिले तो पोस्ट पर आकर आरपीएफ से जानकारी ले सकते हैं।
- **राजेश वर्मा**, पोस्ट प्रभारी आरपीएफ


सत्यम टाकीज चौक के पास विवाद के दौरान लगी भीड़।

# पेट्रोल पंप की जमीन पर बाउंड्रीवॉल कराने मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सत्यम चौक के पास बंद पड़े वलराज पेट्रोल पंप की जमीन पर बाउंड्री वॉल करने को लेकर हुए विवाद में युवक ने व्यवसायी राम खेड़िया पर हमला कर दिया।पुलिस ने मो. तारिक सहित दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

■ **बलराज पेट्रोल पंप की जमीन पर बन रही बाउंड्रीवाल का काम रोकने पर छिड़ा विवाद**

सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि सत्यम चौक स्थित बंद पेट्रोल पंप की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जमीन खरीदने वाले राम खेड़िया गुरुवार को दोपहर मजदूर लगाकर बाउंड्री वाल का निर्माण कर रहे थे। तभी मो. तारिक व उसकी पत्नी शहनाज बेगम पहुंचे और गालियां देते हुए बाउंड्री वॉल बंद करने की बात कही और मजदूरों को भागने लगे। दोनों ने श्री खेड़िया को जमीन पर गिराकर मारपीट की, जिससे उनके चेहरे,सिर व सीने में चोट आई है। रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने मो. तारिक,शहनाज बेगम के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### डायल 12 ने जहर पीड़िता महिला की जान बचाई

**बिलासपुर।** जहर खाने से पीड़ित महिला को डायल 112 ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई है। एएसपी अर्चना झा ने बताया, डायल 112 में सूचना मिली परसदा भटगांव निवासी इतवारा बाई पति अर्जुन केंवट 45 साल ने आपसी विवाद में जहर खा लिया है। सूचना पर बिल्हा थाना के डायल 112 के आरक्षक जयशंकर साहू, चालक दीपक कुमार समय पर मौके पर पहुंचकर पीड़ित महिला को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई है।

# 7 दिन के भीतर सभी थानेदार मालखाने में रखे सामानों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने राजपत्रित अधिकारियों व थानेदारों की क्राइम बैठक लेकर सभी थानेदारों को 7 दिन के भीतर मालखाने में रखे जब्त सामनों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

■ **एसपी ने राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों की ली बैठक**

एसपी रजनेश सिंह ने जिले में घटित पेंडिंग मामले व शिकायत की समीक्षा की। उन्होंने अधिक से अधिक पेंडिंग मामले, मर्ग व शिकायतों का निराकरण करने व शिकायत जांच की पीड़ित को सूचना देने कहा है। उन्होंने थानेदारों को सर्वाधिक अपराधियों की फिंगरप्रिंट लेकर कम्प्यूटर में अपलोड करने के कहा ताकि कोई वारदात होने पर अपराधियों की पहचान की जा सके। थानों में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में राजपत्रित अधिकारियों को समीक्षा कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने आदेश दिया है। थाने में आने वाले सत्यापन संबंधित दस्तावेज की शीघ्र कार्य पूरा कर संबंधित विभाग को भेजा जाए। सत्यापन के कार्य में लापरवाही नहीं होना चाहिए। सभी थानेदारों को विवेचका को गणना व बैठक लेकर नया कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी देने कहा गया है।


बिलासा गुड़ी में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी रजनेश सिंह।

# तोरवा में चोरों का आतंक, मंदिर की दो दानपेटी से 50 हजार रुपए चोरी

**बिलासपुर।** एक बार फिर तोरवा क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय होकर सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर दो पेटी का कुंदा तोड़कर 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। मंदिर में चोरी की वारदात से क्षेत्र में आक्रोश फैल रहा है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, बुधवारी बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर का पुजारी 13 मई को रात 9.30 बजे पूजापाठ करने के बाद मंदिर में ताला लगाकर अपने घर चले गए। 14 मई की सुबह वे पूजा करने आए तो मंदिर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो दो दानपेटियों का कुंदा टूटा हुआ था और कुछ चिल्हर बिखरा हुआ था। उन्होंने चोरी की जानकारी मंदिर की देखरेख करने वाले आरपीएफ के एसआई नारायण प्रसाद मिश्रा को दी। मंदिर में चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। समिति के सदस्यों



ने तोरवा थाने में जाकर चोरी की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस के द्वारा मंदिर का मुआयना किया गया। पुलिस ने आरपीएफ एसआई श्री मिश्रा की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। बहरहाल पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### 6 दिन में दूसरी वारदात

विगत 11 मई को चेकडेम शारदानंदनगर निवासी रेलवेकर्मी पी. सोम शेखर राव के सूने मकान से चोरों ने दो अंगूठी, एक जोड़ी पायल व वेगनआर क्रमांक सीजी 10 बीपी, 6523 को चोरी कर भाग गए थे।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय बिलासपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान: हरिभूमि कार्यालय
रिंगरोड नं. 2, गौरवपथ बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-401052

### पथर्रा में लोक सुनवाई 11 जून को

**बिलासपुर।** कोटा ब्लॉक के ग्राम खरगहनी-पथर्रा में स्थापित मे. महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 11 जून 2024 को लोक सुनवाई होगी। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को ग्राम पथर्रा के ग्राम पंचायत भवन के पास स्थित मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कंपनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न ईकाईयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर में आवेदन किया है। स

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई तोपसिंह नवरंग ने बताया, 13 मई को राजकिशोरनगर देविका विहार निवासी चिन्मय तिवारी पिता अरूण तिवारी रात 12 बजे अपने दोस्त वैभव पाण्डेय के साथ बुलेट से घर जा रहे थे। राजकिशोर नगर अनाथ आश्रम के पास भोलू वर्मा, अमन सोनकर, राजेंद्र उर्फ कारी रास्ता रोककर विवाद कर गाली गलौज कर पत्थर फेंककर मारना शुरू कर दिया। इसी दौरान राजेन्द्र उर्फ कारी ने वैभव पाण्डेय के गले में ब्लेड से जान लेवा हमला कर दिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रात में दबिश देकर हमलावर राजेश वर्मा उर्फ भोलू पिता स्व. हरिशंकर वर्मा 33 साल, अमन सोनकर पिता स्व. ओमप्रकाश



सोनकर 23 साल दयालबंद निवासी को पकड़ लिया है। पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हनुमान जयंती पर लहराई थी तलवार पकड़ा गया आरोपी अमन सोनकर हनुमान जयंती दिन हुण्डई चौक में डीजे की धून में तलवार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से तलवार बरामद किया है। उक्त मामने में धारा 147, 148, 149, 341, 295 ए, 153 ए, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे पृथक से गिरफ्तार किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Bilaspur To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

## खबर संक्षेप

### फसल को चौपट कर हाथियों का झुण्ड पहुंचा सरहद पर

**कोरबा।** कोरबा व धरमजयगढ़ वनमंडल की सरहद पर 2 दर्जन हाथी विचरण कर रहे हैं। इस हाथी के झुण्ड ने बुधवार की रात उत्पात मचाते हुए कुदमुरा रेंज के गीतकुंवारी में ग्रामीणों के खेत पर लगे धान की फसल को चौपट कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला सुबह मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन करने में जुट गय। हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपए की चपत लगी है। हालांकि वास्तविक स्थिति सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात पिछले कई दिनों से जारी है। हाथी यहां के जंगल में लगातार मौजूद रहकर ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फर रहे हैं। हाथियों के लगातार उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर वन परिक्षेत्र को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां 4 दर्जन से अधिक की संख्या में हाथी मौजुद है।

### करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**कोरबा।** करंट की संपर्क में आने से एक कालेज छात्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी विकास नगर निवासी जितेश मधुकर कालेज का छात्र है। बुधवार की रात घर में कुछ तकनीकी अवरोध आने पर वह उसका सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान युवक करंट के संपर्क में आ गया और झटके खाने के साथ वह छटपटाते हुए मौके पर गिर पड़ा। जितेश को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कृष्ण सुदामा की तरह होनी चाहिए मित्रता: वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन वार्ड क्रमांक 14 रामहेपुर में कुंज बिहारी वैष्णव, विनोद वैष्णव के निज निवास में 10 से 18 तक किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित राजेश वैष्णव भाठा पारा वाले हैं।

कथा वाचक पं. राजेश वैष्णव ने सुदामा चरित्र द्वारिका लीला पर प्रसंग सुनाते हुए कहा कि मित्रता भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। मित्रता में स्वार्थ नहीं होना चाहिए। मित्रता में अटूट प्रेम होना चाहिए। सुदामा के द्वारिकापुरी आगमन पर उनके पैर में कंकड़, फोड़े, कांटे देखकर भगवान श्री कृष्ण रो पड़े। भगवान श्री कृष्ण ने अपने आंसुओं से सुदामा के पैर धोए। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को गले से लगा लिया। सुदामा ने श्रापित चने को खाकर भगवान श्री कृष्ण को दरिद्रता से बचा लिया। सुदामा उस श्रापित चने को खाकर स्वयं




दरिद्र हो गए और अपनी सच्ची मित्रता निभाई। श्री कृष्ण ने सुदामा से कहा कि मित्र आप मेरे पास आने में इतनी देर क्यों किए। आप इतने तकलीफ में थे। आपकी हालत देखकर मैं रो पड़ा हूं। भगवान अपने भक्तों को दुखी देखकर स्वयं दुखी हो जाते हैं। भगवान को भक्त प्रिय होते हैं। श्रीमद् भागवत कथा में आज 17 मई को परीक्षित मोक्ष व 18 मई को तुलसी वर्षा गीतासार कथा होगी।

## चोरी की बाइक बेचने के दो आरोपियों को सश्रम कारावास, जुर्माना भी

**पेंड्रा।** चोरी की बाइक को फर्जी तरीके से कागजात तैयार कर बेचने वाले दो आरोपियों के अलग अलग धाराओं के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पांच पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का 3 मार्च 2023 का है।

प्रार्थी सुधार सिंह ओलाडी को आने जाने के लिए बाइक की जरूरत पड़ने पर सेखवा गांव के रहने वाले बजरंगी प्रजापति ने बताया कि उसका भांजा दिनेश प्रजापति अपनी बाइक बेचना चाहता है। जिसको दिखाने पर बाइक क्रमांक सीजी 10 ए 8023 को खोडरी के रहने वाले कैलाश के नाम से होना बतलाकर 38 हजार में प्रार्थी ने खरीद लिया। वहीं बजरंगी प्रजापति ने नाम ट्रांसफर बाद में कराउंगा कहा। तभी 23 मार्च 2023 को जांजगीर पुलिस इस बाइक को चोरी का होना बताया और अपने साथ ले गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पेंड्रा थाना में अपराध दर्ज किया गया। विवेचना में पता चला कि आरोपी दिनेश प्रजापति चोरी के बाइक का फर्जी रजिस्ट्रेशन अपने कम्प्यूटर से तैयार करके मामा बजरंगी प्रजापति से बिकवाता था। इस मामले में फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पेंड्रारोड श्रीमती एकता अग्रवाल ने आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420/34 के आरोप में तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 2 सौ रुपए के अर्थदंड, धारा 467/34 के आरोप में पांच वर्ष का सश्रम कारावास और 2 सौ रूपए अर्थदंड, धारा 468/34 के आरोप में तीन वर्ष के सश्रम कारावास और दो सौ रूपए के अर्थदंड और धारा 471/34 के आरोप में पांच पांच साल के सश्रम कारावास और दो सौ रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर एक एक माह की साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं एक साथ भुगतनी होगी। इस मामले में पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी संजीव राय ने की।

■ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एकता अग्रवाल ने सुनाया फैसला

### दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक ने किया सरेंडर

**पेंड्रा।** जिले में छात्रा से 10 साल तक दुष्कर्म करने वाले फरार शिक्षक महेंद्र कुमार सोनी ने कोर्ट में पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पीड़ित छात्रा की रिपोर्ट पर गौरेला थाने में केस दर्ज होने के बाद से आरोपी सहायक शिक्षक महेंद्र कुमार सोनी फरार चल रहा था। गौरेला पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामला गौरेला थाना क्षेत्र के सारबहरा इलाके में रहने वाले सहायक शिक्षक महेंद्र कुमार सोनी के खिलाफ उन्हीं के स्कूल में पढ़ने वाली पूर्व छात्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ती थी और उसकी उम्र महज 12 वर्ष थी, तब से शिक्षक महेन्द्र कुमार सोनी उसके साथ दुष्कर्म करते आ रहा है। परिजन ने इसकी रिपोर्ट थाने में लिखाई।



## खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्रामीणों ने खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि नदी के किनारे बसे गांव केशरूवाडीह, मौहाभाठा, मोढ़े, पचबहरा, छिरहा, भिलाई, अमलीकापा, अमोरा, लाटा, कोड़ापुरी गांव में निस्तारी की समस्या मनियादी नदी ही है। गर्मी के कारण मनियारी नदी में पानी नहीं होने से इन गांवों में निस्तारी की समस्या हो रही है। मनियारी नदी में पानी नहीं होने से इन गांवों का जल स्तर भी गिर गया है। जिसके कारण घरों में लगे बोर, हैण्डपम्प, सार्वजनिक जगह पर लगे बोर का भी जल स्तर नीचे चला गया है। जिससे पानी के लिए भारी किल्लत हो रही है। सबसे ज्यादा समस्या मवेशियों के पानी के लिए हो रही है। मवेशी भरी दोपहरी में पानी के लिए भटक रहे है। सौंपे आवेदन में ग्रामीण पिल्लूराम साहू, छोटे लाल, मनोज, गोलू, घुरूवा, छबिल, संतोष, रामखिलावन, सुखसागर, रामनारायण, महेश, ईश्वर, धरम लाल, उग्रसेन, लक्ष्मण, मंजू, नारायण, गीताराम, मयाराम, नान्हूराम, देवारी, विजय, हरीश चंद्र, होरी लाल, कृष्ण कुमार वर्मा सहित अन्य ने मांग किया है कि खुड़िया जलाशय से तत्काल मनियारी नदी में पानी छोड़ा जाए। जिससे निस्तारी की समस्या का निराकरण हो सके।

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### तखतपुर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ 21 से

**तखतपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 से 28 मई तक गुप्ता मोहल्ला में किया गया है। जिसमें आचार्य महेश तिवारी रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में भगवती प्रसाद गुप्ता, नीलू गुप्ता, महेश, रानू, शौर्य, सार्थक, सक्षम, सुरेश, रामेश्वर, निलेश, नवीन, विनोद, संजय, मनोज, आदर्श, लक्ष्मण, बसंत, राजेंद्र, सौरभ, रमाकांत, पार्वती, राजेंद्र, कमल, विमला, राजीव, मालती, प्रफुल्ल, स्वाती, रूपेश सहित अन्य जुटे हुए हैं।



## लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने डीआईजी ने थाना प्रभारियों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुलिस उप महानिरीक्षक ने अपराध समीक्षा बैठक लेकर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को हिदायत दी।

पुलिस उप महानिरीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा 13 मई को जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक में गंभीर किस्म के अपराधों, लंबित चालान, मर्ग, शिकायत एवं 173(8) के तहत लंबित चालानों की बारिकी से समीक्षा कर, लंबित मामलों का शीघ्रता से निराकरण करने पर्यवेक्षण अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया। क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी बदमाशों की नियमित चेकिंग करने, अपने अधिनस्थ कर्मचारियों से आपसी समन्वय बनाकर पुलिस की बेहतर छवि हेतु सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्य कर आम जनता से सुमधुर व्यवहार करते हुए थाना/चौकी में आने वाले रिपोर्ट, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने निर्देशित किया । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त




पुलिस अधीक्षक आपरेशन विवेक शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय साधना सिंह, एसडीओपी एसआर घृतलहरे, उप पुलिस अधीक्षक आपरेशन डीके सिंह, उप पुलिस अधीक्षक लोरमी माधुरी धिरही, उप पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु जितेन्द्र कुम्भकार, रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा, स्टेनो रमेश राजपूत, रीडर उनि सुरज पाल साहू, समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीवीपैट को नुकसान पहुंचाने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



थाना सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा मतदान के दौरान 7 मई को सम्बलपुर मतदान केन्द्र 145 में आरोपी लक्ष्मण साहू पिता रामजी साहू उम्र 19 साल निवासी सम्बलपुर के द्वारा वीवीपीएटी के पेपर स्लीप कम्पाटमेंट के एड्रेस टेग को तोड़ने का मामला सामने आया था। आरोपी लक्ष्मण साहू के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 132 एवं 136 (2) (ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर कन्या माध्यमिक शाला में स्थापित लोक सभा चुनाव 2024 का बूथ क्रमांक 89, 90 में 100 मीटर दायरे के अन्दर में कांग्रेस के अज्ञात व्यक्ति के द्वारा प्लैक्स व ईवीएम के चिन्हांकित प्रतीक चिन्ह लगाया गया था। अज्ञात व्यकित के विरूद्व थाना सिटी कोतवाली, मुंगेली में धारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 130 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

**कार्यालय प्राचार्य एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस**

क्र. 121 / LCIT C&S/2024 बिलासपुर दिनांक :- 16/05/2024

**आवश्यकता**

एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, बोदरी, बिलासपुर में निम्नलिखित पदों पर BCI/ UGC के मानको के अनुरुप परिनियम - 28 के अनुपालन में नियुक्ति हेतु दिनांक 05/06/2024 तक योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है- **शैक्षणिक पद हेतु (विधि संकाय हेतु):-** 1. प्राध्यापक – 01 पद, 2. सह–प्राध्यापक – 01 पद 3 सहायक प्राध्यापक - 03 पद (अनारक्षित- 1 पद, अनु. जनजाति- 1 पद, अ.पि.व. - 1पद) 4. सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र) - 01 पद 5. सहायक प्राध्यापक ( राजनीति विज्ञान ) - 01 पद, 6. सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) – 01 पद। **(कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय हेतु):-** प्राध्यापक/सह- प्राध्यापक (सभी संकाय सख्या - 01) सहायक प्राध्यापक (बायोटेक्नालॉजी- 01 पद, समाज शास्त्र - 01. राजनीति विज्ञान - 01, भूगोल - 02 जन्तु विज्ञान - 02 हिन्दी -01, वनस्पति विज्ञान -01, भौतिकी विज्ञान -01, रसायन विज्ञान – 02, अर्थशास्त्र - 01, इतिहास - 01, माइक्रोबायोलॉजी -01, अंग्रेजी साहित्य -01, वाणिज्य – 02, गाणित -01, प्रबंधन - 01 कम्प्यूटर साइंस - 02 पद)। **अशैक्षणिक पद:-** 1. ग्रंथपाल - 01 पद, 2. सहायक ग्रंथपाल - 01 पद, 3. लेखापाल - 01 पद, 4. कार्यालय सहायक - 01 पद 5. क्रीड़ा अधिकारी - 01 पद, प्रयोगशालासहायक / प्रयोगशालातकनीशियन- 1 पद (बायोटेक्नालॉजी, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस, भूगोल विषय के लिये) नोट:- 1. योग्यता - BCI /UGC के द्वारा निर्धारित योग्यता। 2. वेतनमान - BCI / UGC के नियमानुसार मूलवेतन प्रदान किया जायेगा। 3. नियमानुसार आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा। 4. पदों की संख्या परिवर्तनीय है। 5. आवेदनकर्ता अपना BIO-DATA, E-mail lcit.cv@gmail.com address पर दिनांक 05/06/2024 तक प्रेषित कर सकते है।

प्राचार्य:- एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंडसाइंस, बोदरी, बिलासपुर (छ.ग.)




